



## मोपका की सड़क पर चलना जोखिम भरा

स्मार्ट सिटी और विकास के बड़े-बड़े दावों के बीच बिलासपुर के मोपका क्षेत्र की सिटी पार्क कॉलोनी की मुख्य सड़क आज भी अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। पिछले कई वर्षों से यह सड़क पूरी तरह जर्जर अवस्था में है। जगह-जगह बने बड़े गड्ढे, टूटी हुई डामर की परत और बारिश के दौरान जलभराव ने इस मार्ग को लोगों के लिए किसी मुसीबत से कम नहीं है। सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है तो इनमें पानी भर जाने के कारण यह पता लगाना भी मुश्किल हो जाता है कि सड़क कहां है और गड्ढा कहां। ऐसे में रोजाना आने-जाने वाले वाहन चालक दुर्घटना के शिकार होने के डर के बीच सफर करने को मजबूर हैं। पैदल चलने वाले लोगों, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के लिए तो यह रास्ता किसी जोखिम भरे सफर से कम नहीं है।

### दुर्घटनाओं और आवागमन में हो रही परेशानी, राहत के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग

# बारिश में जलभराव, बड़े-बड़े गड्ढे इसमें गिरकर लोग हो रहे घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम में शामिल होने के 8 साल बाद भी आउटर के अधिकांश क्षेत्र सड़क, पानी, बिजली के लिए तरस रहे हैं और परेशान हो रहें हैं। बजट की स्वीकृति होने के बाद भी अधिकारियों की लापरवाही लोगों पर भारी पड़ रही है।

सकरी के साथ ही घुरू अमेरी, मोपका, सिरगिट्टी और तिफरा के लोग लगातार निगम और प्रशासन में ज्ञापन देकर थक चुके हैं लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।यहां तक की मुख्यमंत्री जनदर्शन और कलेक्टर जनदर्शन तक में लोग गुहार लगा चुके हैं लेकिन परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। मोपका क्षेत्र की सिटी पार्क कॉलोनी और घुरू अमेरी स्थित गोकुलधाम कालोनियों के निवासियों ने नगर विधायक, कलेक्टर, नगर निगम कमिश्नर और जोन कमिश्नर को ज्ञापन सौंपकर सड़कों की बदहाली के कारण हो रही दुर्घटनाओं और आवागमन में हो रही परेशानी से राहत के लिए तत्काल आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।



कलेक्टर और निगम कमिश्नर को गोकुलधाम के निवासियों ने सौंपा ज्ञापन।

### बड़ी कालोनियों की बसाहट भी हो गई

गोकुलधाम में दो बड़ी कालोनियों की बसाहट भी हो गई है। इसमें नारायणी होम और गोकुलपार्क कालोनी में हजारों लोग रह रहे हैं लेकिन विकास के लिए निगम की कोई कार्ययोजना नहीं बन सकी है। लोगों के मुताबिक नगर के विस्तार के दौरान वादा किया गया था कि गोकुलधाम का तेजी से विकास होगा लेकिन 8 सालों से यहां रह रहे लोगों को समस्याओं से दो-चार होना पड़ रहा है। बरसात आते ही यह सडक नाले एवं किचड में तब्दील हो गई है। इससे गुजरकर कुछ महिलायें जो अपने बच्चे को स्कुल छोडने जाते है वो बच्चे के साथ गिर रहीं हैं। यहां के निवासी जनार्दन सिंह बैंस, गिरीश सिंह, रजनीश पटेल, योगेश तिवारी, रमाकांत शुक्ला, आरके झारिया, धरम मेश्राम, विनोद कश्यप, शिव नारायण सिंह, सौरभ सिंह, पवन झारिया, राम गुप्ता, मनीष गुप्ता, कृष्णा तिवारी, ब्रजेश कुमार तिवारी, कृष्णपाल और भीमराव कुर्रे ने कृष्णा डेयरी से गोकुलधाम में बने आवासीय कालोनीआ के मेन गेट तक सड़क जल्द बनाने की मांग की है।

### कई कॉलोनियों का एकमात्र प्रमुख मार्ग

यह सड़क केवल सिटी पार्क कॉलोनी तक सीमित नहीं है, बल्कि गायत्री परिसर, विवेकानंद नगर, रवि रेजीडेंसी, गुलाब नगर सहित आसपास की कई कॉलोनियों के हजारों लोगों के लिए मुख्य आवागमन मार्ग है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग नौकरी, व्यापार, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए इसी सड़क का उपयोग करते हैं। स्थानीय नागरिकों के अनुसार सुबह और शाम इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही काफी अधिक रहती है, लेकिन सड़क की खराब स्थिति के कारण आए दिन जाम, फिसलन और दुर्घटना जैसी घटनाओं का खतरा बना रहता है। इस मार्ग से प्रतिदिन कई स्कूल वैन, ऑटो और निजी वाहन गुजरते हैं, जिनमें सैकड़ों स्कूली बच्चे सफर करते हैं। सड़क पर बने गहरे गड्ढों और कीचड़ के कारण वाहन चालकों को काफी सावधानी बरतनी पड़ती है।

### बरसात में सड़क नहीं, बन जाता है तालाब

स्थानीय महिलाओं का कहना है कि बच्चों को स्कूल भेजना और बुजुर्गों को अस्पताल ले जाना बारिश के समय सबसे बड़ी चुनौती बन जाता है। कई बार एम्बुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहनों को भी इस मार्ग से गुजरने में भारी परेशानी होती है। रहवासियों ने छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज कराई है।। या है, ताकि प्रशासन इस गंभीर समस्या का संज्ञान ले सके। लेकिन शिकायत दर्ज होने के बाद भी सड़क की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। सड़क की खराब स्थिति का असर आसपास के छोटे व्यापारियों पर भी पड़ रहा है। ग्राहकों की आवाजाही कम होने से व्यापार प्रभावित हो रहा है। वहीं रोजाना आने-जाने वाले लोगों के वाहनों की मरम्मत पर अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है। गड्ढों के कारण वाहन बार-बार खराब हो रहे हैं, जिससे लोगों पर आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है।

### रहवासियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि जल्द ही सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया तो क्षेत्रवासी एकजुट होकर आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। उनका कहना है कि अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि सड़क निर्माण की ठोस कार्रवाई चाहिए। स्थानीय नागरिकों ने मांग करते हुए कहा है कि मोपका के साथ ही सिटी पार्क कॉलोनी की मुख्य सड़क का तत्काल सर्वे कराया जाए। गड्ढों को भरने की बजाय पूरी सड़क का पुनर्निर्माण कराया जाए। साथ ही बरसात को देखते हुए युद्ध स्तर पर मरम्मत कार्य शुरू किया जाए।

### गोकुलधाम में सड़कों पर बह रहा पानी

घुरू अमेरी स्थित गोकुलधाम कालोनियों के निवासियों ने नगर विधायक, कलेक्टर, नगर निगम कमिश्नर और जोन कमिश्नर को ज्ञापन सौंपकर सड़कों की बदहाली के कारण हो रही दुर्घटनाओं और आवागमन में हो रही परेशानी से राहत के लिए तत्काल आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। वार्ड क्रमांक -4 में आने वाला इस क्षेत्र में बारिश का पानी सड़कों पर बह रहा है और चलते हुए लोगों के फिसलकर गिरने की कई घटनाएं घट चुकी हैं। यहां के लोगों ने बताया कि 300 मीटर की इस सड़क को बनाने के लिए 20 लाख की स्वीकृति भी मिल गई है लेकिन काम नहीं हो पा रहा है।

### सड़क की होगी मरम्मत

इस संबंध में लोगों की शिकायत मिली है। बजट का आबंटन हो चुका है। जल्द ही सड़क की पूरी मरम्मत होगी। जहां जरूरत पड़ेगी वहां नई सड़क बनाई जाएगी। स्ट्रीट लाइट के लिए अलग से टेंडर किया गया है।

- **पूजा विधानी**, महापौर

## अलर्ट के बाजवूद बादलों ने छकाया, नहीं हो सकी बारिश

**बिलासपुर।** मौसम विभाग ने कई जिलों में मौसम का मिजाज बदलने का अलर्ट जारी किया है, रविवार को जिले में बारिश थमी रही, हालांकि इस दौरान काले घने बादलों के कारण मौसम सुहाना बना रहा है। शाम को तेज आंधी, गर्जना होती रही है।

आसमान में मंडराने के साथ ही भारी बारिश का अलर्ट मौसम विभाग ने जारी किया है। जिले के लिए यलो अलर्ट होने के कारण लोगों ने बारिश का इंतजार भी किया, लेकिन सुबह से जहां आसमान पर बादल छाए रहे वहीं बीच- बीच में धूप भी निकलती रही है। मौसम विभाग के अनुसार रायपुर, धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद, बलौदाबाजार, जांजगीर-चांपा, रायगढ़ और बिलासपुर के लिए अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान बादलों की तेज गड़गड़ाहट के साथ अचानक उठने वाली हवा किसी बड़े नुकसान का कारण बन सकती हैं, ऐसे में सावधान रहने की हिदायत दी गई है। बताया जा रहा है कि बंगाल की खाड़ी और उड़ीसा तक बने कम दबाव का क्षेत्र अब अवदाब में बदल गया है। यह अवदाब समुद्र तल से 3.1 से 5.8 किमी की ऊंचाई में फैला हुआ है। मानसून द्रोणिका राजस्थान और उसके आसपास के क्षेत्रों में निम्न दबाव का क्षेत्र बना रही है।






### मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान 2 को

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ निषाद (केवट) समाज, बिलासपुर परिक्षेत्र द्वारा समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 2 अगस्त रविवार को सुबह 9 बजे डिडिनेश्वरी देवी मंदिर प्रांगण, नगर पंचायत मल्हार में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुंडरदेही विधायक एवं छत्तीसगढ़ निषाद समाज के प्रदेश अध्यक्ष कुँवर सिंह निषाद करेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया होंगे। समारोह में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। समाज द्वारा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए सम्मान समारोह के पश्चात पौधरोपण कार्यक्रम भी होगा।

### संविदा पदों की पात्रता सूची जारी

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत रिक्त संविदा पदों द्वितीय एनएनएम, स्टॉफ नर्स एसएनसीयू एवं एनआरसी, काउंसलर, नर्सिंग ऑफिसर-एनयूएचएम एवं हाउस कीपिंग स्टॉफ की पात्रता सूची जा कर दी गई है। सूची के संबंध में दावा आपत्ति 29 जुलाई तक मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी के नाम से कार्यालय में जमा कर सकते हैं। अन्य किसी माध्यम से दावा आपत्ति आवेदन स्वीकार नहीं होंगे।




## खबर संक्षेप

### गुरुदेव रितेश्वर महाराज का तीन दिवसीय कार्यक्रम रायपुर में 28 से

**बिलासपुर।** गुरु पूर्णिमा पर गुरुदेव रितेश्वर महाराज के सानिध्य में 28 जुलाई से 30 जुलाई तक समर्पण महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। रायपुर के जैन मानस भवन में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ 28 जुलाई को होगा। प्रथम दिवस शाम 5 बजे गुरुदेव रितेश्वर महाराज का शहर आगमन होगा एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। 6:30 बजे से शाम 7 बजे तक दी प्रज्वल एवं महा आरती होगी। 8 बजे से 9 बजे तक भजन संध्या एवं आशीर्वचन होगा। तत्पश्चात गुरु नाम की मेंहदी होगी। 29 जुलाई को सुबह 9 बजे से 10 बजे तक दिव्य दर्शन एवं गीता गौरव योग शिविर होगा। 10 से 11 बजे तक गुरु पद पूजन एवं आशीर्वाद होगा। 11 से 1 बजे तक गुरु पूर्णिमा पर विशेष प्रवचन गुरुदेव के द्वारा दिया जाएगा। दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक महाप्रसाद का आयोजन होगा। दोपहर 3 बजे से रसिक चर्चा एवं शाम 7 बजे भजन संध्या शिवम गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त होगा। 30 जुलाई को समर्पण महोत्सव के आखिरी दिन गुरुदेव रितेश्वर महाराज द्वारा शिष्यों को विशेष आशीर्वाद प्रदान किया जाएगा। तत्पश्चात रायपुर से प्रस्थान करेंगे। समर्पण महोत्सव में पूरे प्रदेश से शिष्य एवं श्रद्धालु गुरुदेव का आशीर्वचन प्राप्त करने के लिए उपस्थित रहेंगे।



### स्व. किशोर कुमार की जयंती पर कार्यक्रम 4 को

**बिलासपुर।** स्वर्गीय किशोर कुमार की जयंती पर 4 अगस्त को संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें किशोर कुमार, मुकेश, मोहम्मद रफी एवं आशा बोसले के गाए हुए गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसे सफल बनाने के लिए पीटर मुदलियार एवं मुध सुदन जैसे उत्साही आयोजकी टीम आवश्यक तैयारी में जुटी है। कार्यक्रम शाम 7 बजे से पं. देवकीनंदन दीक्षित सभा लाल बहादूर शास्त्री स्कूल भवन में होगा। इसमें लाइव बैंड आरकेस्ट्रा हार्टबीट के सिंगर एवं म्यूजिशन द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।



### पेपर लीक व लाठीचार्ज के खिलाफ आक्रोश रैली




**बिलासपुर।** नीट पेपर लीक मामले और दिल्ली में छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में 25 जुलाई को युवाओं एवं जागरूक नागरिकों ने गांधी चौक से सिम्स चौक तक जन आक्रोश रैली निकाली। रैली में एनटीए को भंग करने और परीक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर नारे लगाए गए। प्रदर्शनकारियों ने सोनम वांगचुक के समर्थन में भी नारे लगाए और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को छात्रों के आंदोलन की जीत बताया। रैली गांधी चौक से सिटी कोतवाली, गोलबाजार और सदर बाजार होते हुए सिम्स चौक पहुंची। पुलिस प्रशासन द्वारा आगे जाने से रोके जाने पर आयोजकों ने राष्ट्रगान के साथ रैली का समापन किया। रैली में बड़ी संख्या में जेन-जी छात्र-छात्राओं, युवाओं, बुद्धिजीवियों और नागरिकों ने हिस्सा लिया। मार्ग में दुकानदारों और नागरिकों ने भी रैली का समर्थन किया।

### भाजपा जिला ग्रामीण की आईटी सेल कार्यकारिणी की घोषणा

**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय एवं भाजपा बिलासपुर (ग्रामीण) जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल के निर्देशानुसार भाजपा जिला बिलासपुर (ग्रामीण) की आईटी सेल जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। नवगठित कार्यकारिणी में अभिषेक मोर्य को जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही चंद्रकांत अग्रवाल एवं पुष्पेन्द्रदास महंत को सह-संयोजक तथा राकेश पटेल भट्टचौरीहा को कार्यालय प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्य समिति सदस्य के रूप में रितेश गढ़ेवाल, बिहारी पटेल, कोमल सिंह राजपूत, महेश साहू, दीपक पटेल एवं खुशाल सिंह खुशरो को दायित्व प्रदान किया गया है।

### बांसाझाल आश्रम में गुरू पूर्णिमा 29 को

**बिलासपुर।** अघोराचार्य बाबा कीनाराम अघोर शोध एवं सेवा संस्थान वाराणसी के नगर इकाई के तत्वावधान में 29 जुलाई बुधवार को गुरु पूर्णिमा मनाई जाएगी। सुबह आश्रम स्थल की साफ सफाई एवं श्रमदान के पश्चात पूज्य बाबा सिद्धार्थ गौतम राम महाराज के चित्रों का पूजन किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे प्रसाद वितरण होगा। यह जानकारी विनोद कुमार तंबोली ने दी।

### मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से मिली त्वरित राहत, 8 दिनों में सुधरा हैंडपंप

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से आमजन की छोटी-छोटी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। जिला प्रशासन बिलासपुर की सक्रिय पहल और विभागों की समयबद्ध कार्रवाई से लोगों को शीघ्र राहत मिल रही है। विकासखंड बिल्हा के ग्राम धमनी में खराब पड़े सार्वजनिक हैंडपंप की महज आठ दिनों में मरम्मत कर ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराना इसका एक प्रेरक उदाहरण है। ग्राम धमनी निवासी राहुल यादव ने 28 जून 2026 को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके मोहल्ले का सार्वजनिक हैंडपंप लगभग दो माह से खराब होने के कारण पेयजल संकट की स्थिति बनी हुई है। निर्धारित समय-सीमा के भीतर 6 जुलाई 2026 को हैंडपंप को पूरी तरह दुरुस्त कर पुनः चालू कर दिया गया। शिकायतकर्ता ग्रामीण राहुल यादव ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायत के त्वरित निराकरण पर संतोष व्यक्त किया है।

## निधन

### संतोष तिवारी



**बिलासपुर।** शुभम विहार निवासी संतोष तिवारी का निधन 26 जुलाई को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम गनियारी में किया गया। वे डीपी तिवारी के पुत्र, श्रद्धा एवं श्रुति के पिता थे।

---

**नए कनेक्शन के लिए आवेदन लेने की प्रक्रिया जारी** | **अमेरिका-ईरान युद्ध के दौरान लगाई गई थी नए कनेक्शन पर रोक**

# उज्जवला योजना के भी नए कनेक्शन पर रोक, आवेदन दे सकेंगे

**बिलासपुर।** अमेरिका-ईरान युद्ध के दौरान देश में छाए पेट्रोल व गैस संकट के बीच नए गैस कनेक्शन जारी करने पर लगाया गया प्रतिबंध अब भी यथावत है। सरकार ने सामान्य कनेक्शनों के साथ-साथ उज्जवला गैस के नए कनेक्शन जारी करने पर भी रोक लगा रखी है। इस दौरान हितग्राहियों से आवेदन जमा लेने की पक्रिया जरूर पूरी कराई जा रही है, ताकि रोक हटते ही उन्हें कनेक्शन जारी किए जा सकें।





उज्जवला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन चाहने वाले हितग्राहियों को भी अभी इंतजार करना होगा। सरकार ने पेट्रोल व गैस के वैश्विक संकट के दौरान गैस के सामान्य कनेक्शनों की तरह ही उज्जवला के नए कनेक्शन जारी करने पर भी रोक लगा दी है। ऐसे में बीते तीन से चार महीनों तक गैस के नए कनेक्शन जारी ही नहीं किए जा रहे हैं।

हालांकि दोनों ही श्रेणी के हितग्राहियों से आवेदनों की पंचिंग व ऑनलाईन एंट्री की पक्रिया पूरी कर ली जा रही है, ताकि आने वाले समय में शासन द्वारा प्रतिबंध हटाए जाने के बाद तत्काल संबंधित हितग्राहियों को कनेक्शन जारी किया जा सके।

### साल भर तक नहीं कराई थी रिफिलिंग

उज्जवला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन प्राप्त करने वाले हजारों हितग्राहियों के द्वारा अपने गैस सिलेंडर की रिफिलिंग साल-साल भर तक नहीं कराई गई थी। कई तो ऐसे भी लोग थे, जिन्होंने पहली बार मुफ्त का सिलेंडर प्राप्त करने के बाद दोबारा गैस की रिफिलिंग नहीं करवाई थी। इसके विपरीत वैश्विक संकट के दौरान इनमें से कई हितग्राहियों ने गैस के लिए अचानक ऑनलाईन बुकिंग करना प्रारंभ कर दिया था, लेकिन बाद में स्थिति में सुधार होने की स्थिति में हितग्राहियों के द्वारा डिलीवरी लेने से इंकार भी किया जाता रहा। इन सारी बातों के मद्देनजर भी शासन द्वारा नए कनेक्शन जारी करने पर रोक लगाई गई है।

### आवेदन लिए जा रहे हैं

सामान्य कनेक्शनों की तरह उज्जवला अंतर्गत नए गैस कनेक्शन जारी करने पर भी प्रतिबंध यथावत है। इस दौरान नए व उज्जवला कनेक्शन के इच्छुक हितग्राहियों से आवेदन जरूर लिए जा रहे हैं, ताकि शासन स्तर से प्रतिबंध समाप्त होते ही इन्हें कनेक्शन जारी किया जा सके।

**-अमृत कुजूर,**
खाद्य नियंत्रक

---

कारगिल विजय दिवस पर श्रद्धांजलि सभा

# वीर शहीदों को सैन्य सम्मान, राष्ट्रभक्ति के संकल्प के साथ हुआ आयोजन




**बिलासपुर** । कारगिल विजय दिवस 2026 के अवसर पर शनिवार को सीएमडी चौक स्थित युद्धेश स्मारक (अमर जवान स्मारक) में देश के वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पूर्व सैनिक संगठन 'सिपाही' एवं पूर्व सैनिक महासभा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में पूर्व सैनिकों, एनसीसी कैडेट्स, विद्यार्थियों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर कारगिल के अमर वीरों को नमन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संजय अग्रवाल ने ध्वजारोहण कर समारोह का शुभारंभ किया। समारोह में ग्रुप कैप्टन संजय पांडे, कर्नल (सेवानिवृत्त) राकेश सिंह बिसेन (सिग्नल्स), डॉ. विनोद तिवारी, जैन इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य तथा एनसीसी बटालियन के सूबेदार लाल साहब विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रध्वज को सलामी, राष्ट्रगान और वीर शहीदों को श्रद्धांजलि के साथ हुई। इस दौरान पूरे परिसर में देशभक्ति के जयघोष गूंजते रहे और वातावरण राष्ट्रप्रेम की भावना से ओतप्रोत हो गया।महेंद्र प्रताप सिंह राणा ने बताया कि संगठन पिछले 13 वर्षों से युद्धेश स्मारक के संरक्षण, रखरखाव और व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी निभा रहा है। उन्होंने कारगिल युद्ध के संघर्ष, भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस और राष्ट्र के प्रति उनके सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए युवाओं से देशसेवा की भावना को आत्मसात करने का आह्वान किया। रक्षक फिजिकल अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक एवं पूर्व सैनिक किशन सिंह राजपूत, संस्कार फाउंडेशन की अध्यक्षा सोनिया साहू, लाफ्टर क्लब के अध्यक्ष डी. पी. गुप्ता सहित भारतीय थल सेना के सेवानिवृत्त सैनिक, पूर्व सैनिक, जैन इंटरनेशनल स्कूल और सीएमडी कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स, उनके प्रशिक्षक तथा शहर के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी तथा सशस्त्र सलामी के साथ उन्हें नमन किया। समापन पर घोषणा की गई कि 15 अगस्त को बिलासपुर में पूर्व सैनिकों, सिपाही रक्षा सूत्र अभियान के वाहनों, एनसीसी कैडेट्स, विद्यार्थियों और आम नागरिकों की सहभागिता से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी।

### राजपूत क्षत्रिय समाज ने किया याद



अभा राजपूत क्षत्रिय समाज ने महाराणा प्रताप भवन सभागार इमलीपारा में करगिल विजय दिवस मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृजेश सिंह एवं विशेष अतिथि एस के सिंह उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि साहित्यकार बृजेश सिंह व विशिष्ट अतिथि एस के सिंह ने वीर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर प्रेम सिंह, अर्जुन सिंह, विजय बघेल, ए एस चंदेल, रविन्द्र सिंह, मुन्ना सिंह, रविन्द्र सिंह, प्रमेन्द्र सिंह, बृजराज सिंह, भरत सिंह, महेन्द्र चौहान, दिनेश सिंह ठाकुर, टिशु राणा, भास्कर राव, आशीष सिंह, अशोक सिंह, लोकेश सिंह आदि मौजूद थे।

### चंद्रा विकास समिति ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि



चंद्रा विकास समिति की बैठक श्यामला चंद्रा की अध्यक्षता में हुई। समिति के महासचिव जीआर चंद्रा एवं सचिव के एल चंद्रा ने बताया कि समिति के त्रिवेणी नगर स्थित पूरे भवन को एयर कुलिंग कराए, 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस एवं 16 अगस्त दिन रविवार को हरेली मिलन कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दीगई। बैठक में रामदीन चंद्रा , जितेंद्र, महेंद्र, भागवत, चंद्रभान चंद्रा, लखेश्वरी चंद्रा, श्यामलाल, कन्हैया, जीवन प्रकाश, रूपनारायण, गेंद,मिट्ठू, टी पी सिंह,गंगाधर, कौशल, रामदीन, महेंद्र, दिनेश, ओंकार, कंचन,माधव, हेमा, लखेश्वरी, रोशनी, प्रीति आदि मौजूद थे।

# श्रीराम श्रद्धा आस्था यात्रा में उमड़े श्रद्धालु, लगे जयकारे



**बिलासपुर।** अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में चोरी की घटना से आहत रामभक्तों ने रविवार को श्रद्धा और समर्पण के साथ श्रीराम श्रद्धा आस्था यात्रा निकाली।

बेलतरा विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय केशरवानी के संकल्प से निकली यात्रा के द्वितीय दिवस शहर के साथ आसपास के वार्डों और गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। हाथों में नारियल और भगवा ध्वज लिए श्रद्धालु 'जय श्रीराम', 'जय सियाराम' और 'जय बजरंगबली' के जयघोष करते हुए पदयात्रा करते रहे।महिलाओं, बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने उत्साह के साथ यात्रा में भाग लिया। मार्ग में जगह-जगह लोगों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया और भगवान श्रीराम की आरती उतारकर पुष्पवर्षा की। आयोजकों के अनुसार सभी नारियल अयोध्या धाम ले जाकर श्रीरामलला के चरणों में अर्पित किए जाएंगे।यात्रा का शुभारंभ महामाया मंदिर, बिजौर में पूजा-अर्चना के साथ हुआ। खमतराई होते हुए अशोक नगर स्थित बगदाई मंदिर पहुंची, जहां आरती, भजन और सामूहिक प्रार्थना के साथ यात्रा का समापन हुआ।विजय केशरवानी ने कहा कि भगवान श्रीराम छत्तीसगढ़ के लोगों की आस्था के केंद्र हैं और माता कौशल्या की जन्मभूमि होने के कारण उन्हें अपना भांचा माना जाता है। तृतीय दिवस की यात्रा सोमवार को दोपहर 12 बजे कोनी से शुरू होगी और ग्राम बैमा स्थित वैष्णो देवी मंदिर तक जाएगी।

# सर्व यादव समाज के रामचंद्र बने तीसरी बार जिला अध्यक्ष




**बिलासपुर।** सर्व यादव समाज के संभाग एवं जिला कार्यकारिणी के गठन एवं निर्वाचन मुख्य चुनाव अधिकारी पूर्व टी आई धन्नू यादव एवं सह चुनाव अधिकारी अनूप यादव के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डी.सी. यादव उपस्थित थे। महा सचिव जसवंत लाल यादव ने बताया कि सभी पदाधिकारियों का चयन समाज के प्रतिनिधियों की सहमति से किया गया।

निर्वाचन में रामचंद्र यादव को लगातार तीसरी बार सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया। वहीं जिला महासचिव जसवंत लाल यादव, जिला कोषाध्यक्ष नरेंद्र यादव, जिला उपाध्यक्ष राम यादव तथा जिला प्रवक्ता के रूप में लालजी यादव का चयन किया गया। संभागीय कार्यकारिणी में पूर्व टी आई धन्नूलाल यादव को संभाग अध्यक्ष तथा नत्थूलाल यादव को संभाग उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। महिला विंग में गीता यादव को जिला महिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं नगर अध्यक्ष पद दुर्गेश यदु को सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया। इस अवसर पर मनीराम यादव, टीकाराम यादव, विजय यादव, अजय यादव, मन्नू यादव, अभिमन्यु यादव, सरजू यादव, जागेश्वर यादव, विश्वनाथ यादव, गरीबा यादव, ललित यादव अनिल यादव, संजय यादव, कबीर यादव, रामफल यादव, मनोज यादव, रोहित यादव, संतोष यादव, सुमन यादव, राय सिंह यादव, अमर सिंह यादव, हरिशरण यादव, हरिशंकर यादव, मनोहर यादव, नंदकुमार यादव, सरिता यादव, सीमा यादव, प्रियंका यादव, मीना यादव, पुष्पा यादव, मधु यादव, मंजू यादव, कल्पना यादव, रमाबाई यादव आदि मौजूद थे।

# अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति का सावन उत्सव 2 अगस्त को



**बिलासपुर।** अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति के बैनर तले 2 अगस्त रविवार को आयोजित होने वाले सावन उत्सव की तैयारियों एवं रूपरेखा को अंतिम स्वरूप देने के लिए समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कार्यक्रम को भव्य, गरिमामय एवं यादगार बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में तय किया गया कि सावन उत्सव का आयोजन 2 अगस्त को दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक होटल बंशीवाला में किया जाएगा। कार्यक्रम में भगवान भोलेनाथ की आराधना, सावन उत्सव की पारंपरिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, मनोरंजक प्रतियोगिताएँ तथा समाज की महिलाओं की सहभागिता विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष चित्रा तिवारी, अणिमा तिवारी, बरखा शर्मा, प्रतिमा पांडेय, नेहा पांडेय एवं प्रतिक्षा तिवारी उपस्थित रहीं। सभी ने आयोजन की सफलता के लिए अपने-अपने सुझाव दिए तथा विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियाँ संभालने का संकल्प लिया।

# मोबाइल लूटने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार, बाइक, फोन जब्त

**बिलासपुर।** कोटा पुलिस ने राहगीर से मोबाइल झपटमारी करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ओरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकल और एक मोबाइल बरामद किया गया है।



पुलिस के अनुसार 24 जुलाई को ग्राम जोगीपुर निवासी योगेश यादव 19 ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 23 जुलाई की रात लगभग 10.30 बजे सूरजपुर पुल के पास अज्ञात युवकों ने इमरजेंसी कॉल करने का बहाना बनाकर उन्हें रोका। इसके बाद आरोपी मोबाइल झपटकर और प्रार्थी की बाइक को लात मारकर गिराते हुए फरार हो गए। मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी शशिकांत भारद्वाज के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर संदेही राकेश पोर्ते ,दिव्यांशु कोल और तुषार साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने अपने तीन अन्य साथियों, अभय यादव, सुरेश पोर्ते व राहुल पोर्ते के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने मामले में शामिल सभी 6 आरोपियों को धारा 304 1 ,3(5) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

---

**शहर की सड़कों पर बेतहाशा मवेशियों का कब्जा**

# कैटल फ्री जोन में भी मवेशियों का डेरा, निगरानी टीम गायब

हरिभूमि न्यूज ⏩ बिलासपुर

सड़क दुर्घटनाओं की चर्चा होती है सबसे पहले तेज रफ्तार, लापरवाही से वाहन चालाना या यातायात नियमों के उल्लंघन की बात सामने आती है लेकिन शहर के अंदर मवेशियों के जमघट दुर्घटना का कारण बन रही है। हाल ही में पिछले 1 हफ्ते में 5 से अधिक सड़क दुर्घटनाएं महज मवेशियों के चलते ही हो चुके है। खास बात यह है कि प्रशासन ने जिन सड़कों को कैटल फ्री जोन में रखा है, वहां भी मवेशी दिन के किसी भी समय पर देखे जा सकते है। ऐसे में निगम की कार्रवाई की पोल खुल रही है।



हाइवे और मुख्य सड़कों पर घूम हरे आवारा मवेशी वाहन चालकों के लिए खतरा बन चुके है। दिन हो या रात, कई जगहों पर गाय, सांड और आवारा कुत्तें सड़क के बीचोंबीच बैठे रहते है। ऐसे में हर सफर जोखिम भरा बन जाता है। प्रशासन ने रिंग रोड, नेहरू चौक जैसी सड़कों को कैटल फ्री जोन में रखा है, लेकिन इन सड़कों पर आवारा मवेशी देखे जा रहे है। सबसे खराब हालत शहर के आउटर क्षेत्रों की है। जिसमें उस्लापुर-सकरी, तोरवा- मोपका, लालखदान-तोरवा, तिफरा, कोनी सड़कों पर आए दिन हादसे हो रहे है। कई बार मवेशी सड़क के डिवाइडर के पास खड़े रहते है तो कई बार अचानक एक लेन से दूसरी लेन में चलते है। तेज गति से आ रहे वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाना पड़ता है, जिससे दुर्घटना हो रही है।

### लगता है जाम, जिम्मेदार गायब

शहर के व्यस्त सड़क व चौराहों पर मेवशायिों के कारण अक्सर लंबा जाम लग जाता है। इस दौरान मवेशी आपस में लड़ते दिखाई देते है जिससे आसपास के दुकानदारों को खासी मुसीबत झेलनी पड़ रही है। शिकायतों के बाद भी इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो रहा है। खास बात यह है कि निगम का काउ कैचर सड़कों में मवेशी हटाने के बजाए बाजारों में अतिक्रमण हटाते दिखाई देता है। इस दौरान जिम्मेदारों की निगरानी पूरी तरह से गायब रहती है।

### बन रहे है हादसों का कारण

आवारा मवेशियों का जमावड़ा आमजनों की सुरक्षा के लिए बाधा साबित हो रही है। पिछले 1 हफ्ते में 5 अलग-अलग जगहों पर दुर्घटनाएं हो चुकी है, हालांकि इसमें किसी भी व्यक्ति की मौत की खबर नहीं है, लेकिन चोटिल होने और सामानों को नुकसान हो चुका है। वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर मवेशियों को कांजी हाउस भेजने का प्रावधान है लेकिन कार्रवाई नहीं होती है। वहीं निगम ने मवेशियों के मालिकों पर जुर्माना लगाने का प्रावधान किया है लेकिन यह महज कागजों तक ही सीमित है।

# श्रीराम केयर हॉस्पिटल को मिली एनएबीएच की मान्यता

**बिलासपुर।** स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि। श्रीराम केयर हॉस्पिटल, अमेरी रोड, नेहरू नगर, को अब एनएबीएच की पूर्ण मान्यता प्राप्त हो गई है। यह भारत सरकार की सर्वोच्च गुणवत्ता मान्यता है। इसका मतलब है कि अब श्रीराम केयर हॉस्पिटल में मरीजों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और मरीज-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी।

मरीजों की सुरक्षा, साफ-सफाई, संक्रमण नियंत्रण, डॉक्टरों और नर्सों की योग्यता, उपकरणों की गुणवत्ता - हर पैरामीटर पर खरा उतरने के बाद ही यह मान्यता मिली है। इसके अलावा पिछले साल से ही हॉस्पिटल को डीएनबी की जनरल मेडिसिन में 2 सीटें मिली हैं। इससे अब यहां पीजी डॉक्टर भी ट्रेनिंग ले रहे हैं और मरीजों को और बेहतर विशेषज्ञ देखभाल मिल रही है। कैशलेस इलाज की सुविधा के अंतर्गत श्रीराम केयर हॉस्पिटल का ईएसआईसी, एसईसीएल, साउथ साऊथ ईस्टन रेलवे, सीएसईबी, एनटीपीसी संस्थाओं एवं सभी स्वास्थ्य बीमा कंपनी के साथ



**हेल्थ प्लस**

अनुबंध है। इसके अलावा आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हॉस्पिटल में एंजियोप्लास्टी, ब्रेन स्ट्रोक, लकवा, डायलिस तथा जनरल, लैप्रोस्कोपिक और ऑर्थो सर्जरी जैसी सभी गंभीर बीमारियों का इलाज पूरी तरह मुफ्त किया जाता है। श्रीराम केयर हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. अमित सोनी ने कहा हमारा लक्ष्य है कि बिलासपुर और आसपास के मरीजों को दिल्ली-मुंबई जैसी स्वास्थ्य सुविधाएं यहीं मिलें।

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, सोमवार 27 जुलाई 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




# राष्ट्रपति पर महाभियोग लगाने का अधिकार, रामटेकरी मंदिर का निर्माण किस शासक ने किया, पूछे गए सवाल

- व्यापम ने प्रयोगशाला परिचालक व पीएससी ने ली सहायक ग्रंथालय की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

व्यापम व छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा रविवार को शहर के केन्द्रों में परीक्षा का आयोजन किया गया। व्यापम की ओर आयोजित प्रयोगशाला परिचालक की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक ली गई तथा पीएसएसी की सहायक ग्रंथपाल प्रारंभिक परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक चली। दोनों परीक्षाओं के लिए शहर में 82 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। प्रयोगशाला परिचालक की परीक्षा को 76 केन्द्रों में ली गई जिसमें 23 हजार 904 अभ्यर्थियों ने आवदेन किया था। जिसमें 14 हजार 7 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलवाई, जबकि 9 हजार 897 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। इसी तरह पीएससी द्वारा आयोजित सहायक ग्रंथालय की परीक्षा में 1 हजार 7063 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था,जिसमें 1 हजार 188 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि पांच सौं पंद्रह अभ्यर्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे। दो बड़ी प्रतियोगी परीक्षा होने से यातायात विभाग द्वारा ट्रैफिक व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की डयुटी भी लगाई गई थी। व्यापम की परीक्षा में परीक्षार्थियों ने बताया कि राष्ट्रपति पर महाभियोग लगाने का अधिकार,रतनपुर में प्रसिध्द रामटेकड़ी मंदिर का निर्माण किस शासक ने किया था,ससंद के दोनों सदनों में अध्यक्षता कौन करता है। छत्तीसगढ का प्रथम रामसर साइट कौन सा है सहित प्रीजिक्स, कैमेस्ट्री विषय के प्रश्न पूछे गए। इस 2 घंटे की परीक्षा की परीक्षा में 100 अंक के प्रश्न आएं जिसमें माइनस अंक नहीं था।





## पीएससी में इतिहास, व्याकरण छत्तीसगढ़ के सवाल

परीक्षार्थी आशुतोष कश्यप ने बताया कि पीएससी द्वारा आयोजित प्रारंभिक सहायक ग्रंथपाल की इस परीक्षा में इतिहास,व्याकरण और छत्तीसगढ़ से सबंधित कई सवाल पूछे गए। परीक्षार्थी ने बताया कि चारपाई व प्रत्येक शब्द का प्रयोग किस वचन में होता है। आधीन शब्द में अशुध्दि बताईए।

## परीक्षा छूटते ही मुख्य मार्ग रहा बाधित



रविवार को इस दो परीक्षाओं का छूटने का समय में 15 मिनट का ही अंतराल था, जिससे केन्द्रों में परीक्षा छूटने के बाद मुख्य मार्गो में ट्रैफिक जाम रहा। परीक्षा के दौरान शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर अस्थायी रूप से बंद रहा। पुलिस के बल चौक-चौराहों में यातायात बनाएं रखने मशक्कत करना पड़ा।

आयोजन

## शांभवी फाउंडेशन ने फलदार पौधों का किया वितरण



**बिलासपुर।** सल्फा मनियारी स्थित प्रांशु फार्म हाउस में शांभवी फाउंडेशन द्वारा शनिवार को मनियारी सल्फा एवं आस पास के ग्रामीणों को एक हजार फलदार वृक्ष जिसमें केला, आम, पपीता, मुनगा, जामुन, बेल,बिही,शहतूत इत्यादि वितरित किया गया। विगत दस वर्षों से शांभवी फाउंडेशन द्वारा वर्षा ऋतु के समय हर साल ऐसे ही फलदार वृक्ष वितरित किया जाता है एवं ग्रामीणों को इसको लगाने व रक्षा करने के लिए प्रेरित किया जाता है। कृषक ओमप्रकाश साहू ने बताया कि हर साल वृक्ष ले जाते है एवं अपनी बाड़ी में लगाते है। पपीता,बिही,मुनगा ने तो अब फल देना प्रारंभ कर दिया हैं। शांभवी फाउंडेशन की चेयरपर्सन शिल्पी केडिया ने बताया कि यहॉं पर ग्रामीण महिलाओं को कम्प्यूटर एवं सिलाई की निशुल्क शिक्षा विगत 10 वर्षों से दी जाती है। अभी तक एक हजार ग्रामीण छात्राओं को प्रशिक्षित करके प्रमाण पत्र दिया जा चुका है। चेयरमेन मुकेश अग्रवाल ने बताया कि अब कई वर्षों से फलदार वृक्षों का वितरण भी किया जा रहा हैं। हमें प्रसन्नता है कि ग्रामीणजन उत्साहपूर्वक फलदार वृक्षों को लगा रहे है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ लघु उद्योग संघ अध्यक्ष हरीश केडिया, संयुक्त महिला संगठन अध्यक्ष विद्या केडिया सहित सैकड़ों ग्रामीणजन एवं स्कूली बच्चें उपस्थित थे।

कार्यक्रम

## रेलवे के मानसून नवअंकुर शिविर में निखरी बच्चों की प्रतिभा



**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला द्वारा नॉर्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट में जिला स्तरीय एक दिवसीय ' कब-बुलबुल मानसून नवअंकुर शिविर' का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। जिला आयुक्त स्काउट एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह तथा जिला आयुक्त गाइड नेहा सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में विभिन्न विद्यालयों के 98 कब-बुलबुल, 20 यूनिट लीडर्स एवं जिला पदाधिकारियों सहित कुल 130 यूनिफॉर्म मेंबर्स ने सहभागिता की। शुभारंभ सहायक जिला आयुक्त एवं मंडल कार्मिक अधिकारी यू एस एस राव ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्काउट-गाइड गतिविधियाँ बच्चों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, रचनात्मकता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करती है तथा ऐसे शिविर उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिविर के दौरान हैंडीक्राफ्ट मेकिंग, मेमोरी गेम, म्यूजिकल अम्ब्रेला, फायरलेस कुकिंग, कब-बुलबुल कॉर्नर्स और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया।

# स्वास्थ्य जागरूकता के लिए गायनेकोलॉजी अवेयरनेस प्रोग्राम

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार की थीम पर श्री लोहाणा महापरिषद महिला विंग का आयोजन



बिलासपुर। महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से श्री लोहाणा महापरिषद, महिला विंग, ज़ोन 13 द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार विषय पर गायनेकोलॉजी अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन गुजराती समाज भवन, टिकरापारा, बिलासपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वागत समारोह के साथ हुआ। इसके पश्चात ध्वज गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं पदाधिकारियों का पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए ईको-फ्रेंडली उपहार भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर ज़ोन 13 के प्रभारी ललितभाई पुजारा ने लोहाणा कनेक्ट एप की जानकारी देते हुए समाज को डिजिटल रूप से जोड़ने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। ज़ोन 13 अध्यक्ष प्रगतिबेन मिरानी ने महिला विंग के विज़न एवं भावी योजनाओं से सभी को अवगत कराया। ज़ोनल युवा अध्यक्ष दीप्तिबेन मिरानी ने अपने प्रेरणादायी संबोधन से महिलाओं को समाज सेवा एवं नेतृत्व के लिए प्रेरित किया। आरोग्य समिति की चेयरपर्सन सिद्धिबेन मिरानी ने महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रसिद्ध स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ अनुश्री पाडेगांवकर ने महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सरल एवं प्रभावी शैली में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने हार्मोनल परिवर्तन, पीसीओएस, मेनोपॉज़, गर्भाशय एवं स्तन स्वास्थ्य, नियमित स्त्री रोग जांच, प्रजनन स्वास्थ्य, संतुलित जीवनशैली एवं पोषण जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी देते हुए समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने के महत्व पर विशेष बल दिया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष कविता बेन पुजारा, जिला उपाध्यक्ष क्रंजू बेन जोबनपुत्रा, संयुक्त सचित वर्षा बेन ठक्कर, सचिव प्रीति बेन बराई सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं ने स्वास्थ्य संबंधी अनेक प्रश्न पूछे, जिनका डॉ अनुश्री पाडेगांवकर ने विस्तारपूर्वक एवं संतोषजनक समाधान किया। कार्यक्रम का प्रभावी एवं गरिमामय मंच संचालन प्रीति बेन बराई ने किया, जबकि अंत में वर्षा बेन ठक्कर ने आभार प्रदर्शन करते हुए सभी अतिथियों, मुख्य वक्ता, पदाधिकारियों एवं उपस्थित सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# संतुष्ट जीवन के लिए प्राप्तियों को करें याद

**बिलासपुर।** मनुष्य के जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति परमात्मा से प्राप्त श्रेष्ठ भाग्य और आध्यात्मिक प्राप्तियां हैं। जब इनकी स्मृति सदा बनी रहती है, तब परिस्थितियां भी मन की खुशी और संतुष्टि को प्रभावित नहीं कर पातीं। हम वर्तमान की प्राप्तियों की ख़ुशी और कृतज्ञता के भाव को छोड़कर, जो हमें नहीं मिला उसे भगवान से मांगते रहते हैं और असंतुष्ट रहते हैं। यह बात ब्रह्माकुमारीज शिव अनुराग भवन राजकिशोर नगर सेवाकेन्द्र में ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने रविवार विशेष सत्संग में कही। सत्संग के दौरान कारगिल विजय दिवस के अवसर पर बीके मंजू दीदी ने कारगिल युद्ध में मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि सैनिक सीमाओं की रक्षा करते हैं, जबकि आध्यात्मिक रूप से जागरूक नागरिक राष्ट्र के चरित्र और संस्कारों की रक्षा करते हैं। प्रत्येक नागरिक को देशभक्ति, नैतिक मूल्यों और आत्मिक शक्ति को जीवन में अपनाकर एक सशक्त, संस्कारित और श्रेष्ठ भारत के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए।



- ‘स्पिरिचुअल अवेकनिंग फॉर वर्ल्ड रिन्यूअल’ एवं इको केयर अभियान का कार्यक्रम

उन्होंने कहा कि अधिकांश लोग बाहरी उपलब्धियों में खुशी खोजते हैं, जबकि वास्तविक आनंद आत्मिक चेतना और परमात्म स्मृति में छिपा है। यदि व्यक्ति अपने श्रेष्ठ भाग्य को पहचानकर ईश्वरीय स्मृति में जीवन जीना सीख ले, तो उसके भीतर संतुष्टि, आत्मविश्वास और सकारात्मकता स्वतः विकसित हो जाती है। ऐसी आत्मा स्वयं भी प्रसन्न रहती है और दूसरों के जीवन में भी आशा एवं प्रेरणा का संचार करती है। बीके मंजू दीदी ने कहा कि वर्तमान समय में प्रत्येक राजयोगी को अपने मन, बुद्धि और संस्कारों पर स्वराज्य स्थापित करने का अभ्यास करना चाहिए। नियमित राजयोग, सत्संग, ब्रह्ममुहूर्त का योग तथा श्रेष्ठ संकल्प ही जीवन को शक्तिशाली बनाते हैं।

जब व्यक्ति स्वयं में परिवर्तन लाता है, तभी परिवार, समाज और राष्ट्र में सकारात्मक परिवर्तन संभव होता है। इस अवसर पर बीके मंजू दीदी ने बताया कि ब्रह्माकुमारीज के साइंटिस्ट, इंजीनियर्स एवं आर्किटेक्ट विंग तथा टिकरापारा-राजकिशोर नगर सेवाकेन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में 28 जुलाई को शहर में 11 कार्यक्रम आयोजित होंगे।

# डीपीएस में अंतर सदनीय इंग्लिश स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर






दिल्ली पब्लिक स्कूल में बच्चों द्वारा अंतर सदनीय स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता संपन्न हुआ, जिसमें कक्षा तीसरी के बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियाँ कराने से छात्र-छात्राओं में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ती है, इस उद्देश्य के साथ इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

बच्चों ने अनेक शिक्षाप्रद कहानियाँ प्रस्तुत की, साथ-साथ आधुनिक किताबों से भी कहानियों की तैयारी की। उनके द्वारा सुनाई गई कहानियों ने सब का मन मोह लिया। बच्चों की भाव -भंगिमा के साथ प्रस्तुति देखकर सब आनंदित हो गए। जिसमें निर्णायक की भूमिका के रूप में स्वाति जेम्स एवं देवोलीना चक्रवर्ती रहीं। संस्था के प्राचार्य जसपाल सिंह मथ एवं प्रशासनिक अधिकारी आर सी मोहंती ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

मदद

## ज्ञानदीप स्पर्श विद्यालय की दृष्टिबाधित बेटियों का किया सहयोग



**बिलासपुर।** शांता फाउंडेशन द्वारा ज्ञानदीप स्पर्श स्कूल की दृष्टिबाधित छात्राओं की सुविधा के लिए विद्यालय में 4 वॉल फैन उपलब्ध करवाया। इस सेवा कार्य में गौरव शुक्ला, पावस अग्रवाल, राजेश शेंडे एवं अमन सोनी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। शांता फाउंडेशन परिवार ने सभी सहयोगकर्ताओं के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की सहभागिता से ही ऐसे सेवा कार्य सफल हो पाते हैं। संस्था के संस्थापक नीरज गेमनानी ने कहा कि शांता फाउंडेशन आगे भी जरूरतमंदों की सहायता के लिए निरंतर सेवा कार्य करते रहेंगे।

स्पोर्टर्स न्यूज

# हैंडबाल में आधारशिला न्यू सैनिक स्कूल का स्वर्णिम प्रदर्शन

### अंडर-17 टीम ने स्वर्ण एवं अंडर-19 टीम ने कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का बढ़ाया मान




बिलासपुर। आधारशिला न्यू सैनिक स्कूल के खिलाड़ियों ने सीबीएसई जोनल लेवल हैंडबॉल प्रतियोगिता में शानदार सफलता अर्जित की है। 23 से 26 जुलाई तक ओरिएंटल पब्लिक स्कूल अंबिकापुर में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में विद्यालय की अंडर-17 टीम ने स्वर्ण पदक तथा अंडर-19 टीम ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय, बिलासपुर एवं छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में भुवनेश्वर रीजन के अनेक प्रतिष्ठित सीबीएसई विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले में अंडर-17 टीम ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि अंडर-19 टीम ने शानदार संघर्ष के साथ कांस्य पदक जीतकर विद्यालय की उपलब्धियों में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया।

विद्यालय के खिलाड़ियों की इस सफलता के पीछे खेल प्रशिक्षकों का समर्पण, नियमित अभ्यास, विद्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई उत्कृष्ट खेल सुविधाएँ तथा अभिभावकों का निरंतर सहयोग महत्वपूर्ण रहा। खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और खेल भावना का ऐसा परिचय दिया, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ अजय श्रीवास्तव ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा, हमारे विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

विद्यालय के डायरेक्टर एस. के. जनास्वामी ने कहा यह उपलब्धि वर्षों की सतत मेहनत, सुनियोजित प्रशिक्षण और खिलाड़ियों के अटूट समर्पण का परिणाम है। विद्यालय की प्राचार्या जी आर मधुलिका ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा स्वर्ण और कांस्य पदक हमारे विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और टीम भावना का सजीव प्रमाण हैं। प्रत्येक खिलाड़ी ने पूरे टूर्नामेंट में विद्यालय के मूल्यों का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बनेगी कि निरंतर अभ्यास और दृढ़ इच्छाशक्ति से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। विद्यालय भविष्य में भी खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव अवसर और संसाधन उपलब्ध कराता रहेगा।




## ताइक्वांडो में शहर के खिलाड़ियों ने जीता पदक

ईस्ट जोनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप बंगाल में आयोजित की गई, जिसमें शहर के नमन पाण्डेय ने पदक जीत कर प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है।

इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़, ओड़िसा, पश्चिम बंगाल, असम, अरुणांचल मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, खिलाड़ियों ने भाग लिया। अनिका कश्यप और अवनीश कश्यप ने पहली बार स्कुल गेम में भाग लेकर शानदार खेल का प्रदर्शन किया,इस साउथ जोनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप पुरुलिया में सेंट जेवियर भरनी की वैवसथीका ने अपनी पहली चैंपियनशिप में पदक से चुक गई परन्तु अपने शानदार खेल से आगामी चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल कि प्रबल दावेदार बन गई है। टीम कोच युनिवर्सिटी मेंडल विजेता प्रतिभा साहू, दिलीप पाण्डेय, टीम मैनेजर संजय कुर्रे, एडवोकेट ठाकुर बहादुर थे। जिला क्वान कीड़ो ओलिंपिक मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन के अजय सिंह, अजीत भोगल, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, एडवोकेट जुगल किशोर पाण्डेय, संदीप दिवेदी, राजेश कश्यप, अनिल कुर्रे, विवेक' वर्मा, संध्या, धर्मेन्द्र दास, रूप लाल चावला, जेठू साहू, ने बधाई दी।

प्रतिभा

## ‘ओ रंगीले’ की मधुर तान ने बिखेरा जादू, मयंशी ने जीता तीसरा स्थान

**बिलासपुर।** प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती, और इसका जीवंत उदाहरण बनीं ‘भारत की नन्हीं कोकिला’ के नाम से पहचान बना रहीं आठ वर्षीय मयंशी खण्डेलवाल। सिंगिंग प्रतियोगिता में मयंशी ने सदाबहार गीत “तूने ओ रंगीले कैसा जादू किया” की मनमोहक प्रस्तुति देकर श्रोताओं और निर्णायकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपनी मधुर आवाज़, आत्मविश्वासपूर्ण मंच प्रस्तुति और सुरों की सटीक पकड़ से मयंशी ने प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल कर एक और उपलब्धि अपने नाम कर ली। जैसे ही उनकी प्रस्तुति समाप्त हुई, पूरा सभागार तालियों की गूंज से गूंज उठा और उपस्थित लोगों ने उनकी प्रतिभा की मुक्तकंठ से सराहना की। कम उम्र में संगीत के प्रति समर्पण और निरंतर अभ्यास ने मयंशी को एक उभरती हुई बाल गायिका के रूप में स्थापित किया है। उनकी इस सफलता ने न केवल परिवार बल्कि पूरे शहर को गौरवान्वित किया है।





# 200 करोड़ क्लब की ओर विजय की जन नायकन

**नई दिल्ली।** विजय थलापति की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'जन नायकन' बॉक्स ऑफिस पर नए रिकॉर्ड गढ़ रही है। सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि ओवरसीज मार्केट्स में भी इस फिल्म का जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। विजय थलापति के स्टारडम के दम पर फिल्म ने अपने शुरुआती वीकेंड में ही दुनिया भर में ताबड़तोड़ कमाई की है और महज 3 दिनों के भीतर 200 करोड़ के आंकड़े के बेहद करीब पहुंच गई है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने धमाकेदार ओपनिंग ली थी, हालांकि दूसरे दिन कमाई में थोड़ी गिरावट दर्ज की गई, लेकिन तीसरे दिन (रविवार) फिल्म ने फिर से शानदार वापसी की।

## लाइफ Style



# आनंदी

## सीन कटने से टूट गया दिल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस आनंदी अजय ने एक बेहद इमोशनल वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह बात करते-करते फफक कर रो पड़ती हैं। एक्ट्रेस का दावा है कि 1 साल काम करने के बाद थलपति विजय की 'जन नायकन' से उनके सीन काट दिए गए हैं।

यह बात उन्हें फिल्म के रिलीज होने के बाद ही पता चली है। थलपित विजय की फेयरवेल फिल्म 'जन नायकन' गुरुवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। एक तरफ जहां फैंस ने सिनेमाघरों को उत्सव का रंग दे दिया है, वहीं एक्ट्रेस आनंदी अजय का दिल टूट गया है। विजय के साथ स्क्रीन शेयर करना उनका सपना था। इसके लिए उन्होंने 1 साल तक कड़ी मेहनत की और फिल्म में काम भी किया। लेकिन, जब डायरेक्टर एच. विनोद की फिल्म रिलीज हुई तो वह यह देखकर दंग रह गईं कि उनका कोई भी सीन फिल्म में नहीं है। आनंदी ने एक बेहद इमोशनल वीडियो शेयर किया है, जिसमें अपनी आपबीती बताते हुए वह फफक कर रो पड़ी हैं। 'जन नायकन' पहले सेंसर बोर्ड के साथ विवाद में फंसी थी। यह मूल रूप से जनवरी महीने में ही रिलीज होने वाली थी। लेकिन 7 महीने का यह लंबा इंतजार भी आनंदी के लिए खुशी के पल लेकर नहीं आया। वीडियो पोस्ट में वह बताती हैं कि फिल्म के फाइनल एडिट से उनका सीन हटा दिया गया है। अब आनंदी का यह क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। फैंस उन्हें हिम्मत दे रहे हैं। तमिल टेलीविजन की पॉपुलर एक्ट्रेस आनंदी के लिए विजय की फिल्म का हिस्सा होना, जाहिर तौर पर बड़ी बात थी।

## हॉलीवुड मसाला




# द रिंग्स ऑफ... का टीजर ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** सैन डिएगो कॉमिक-कॉन 2026 में प्राइम वीडियो ने 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्सः द रिंग्स ऑफ पावर' सीजन 3 का टीजर ट्रेलर जारी किया। 99 सेकंड के इस प्रीव्यू में सीरीज के एक इंटेंस और डार्क दौर की झलक मिली, जिसमें मिडिल-अर्थ में सॉरॉन का उदय, 'वन रिंग' का निर्माण और फैलती हुई जंग नए सीजन की कहानी को आगे बढ़ाएगी। इस फुटेज को बेंजामिन वॉकर के मॉडरेट किए गए एक पैनल के दौरान दिखाया गया, जिसमें सिंथिया अडाई-रॉबिन्सन, ओवेन आर्थर, इस्माइल क्रूज कॉर्डोवा, चार्ली विकर्स, डैनियल वेमैन और नए कलाकार जेमी कैंपबेल बॉवर चर्चा में शामिल हुए।




# ब्लैक पैंथर का किरदार निभाएंगे डेविड....

**लॉस एंजिल्स।** 'ब्लैक पैंथर' फ्रेंचाइजी हॉलीवुड की सबसे पसंदीदा फ्रेंचाइजी में से एक है। इस फ्रेंचाइजी की सबसे पहली फिल्म 'ब्लैक पैंथर' (2018) को दर्शकों ने खूब प्यार दिया। इसका दूसरा भाग 'ब्लैक पैंथरः वकांडा फॉरएवर' 2022 में रिलीज हुआ। अब इसके तीसरे भाग 'ब्लैक पैंथर 3' के रिलीज होने की तैयारी हो रही है। इसमें 'ब्लैक पैंथर' का किरदार डेविड जॉनसन निभाएंगे। डेविड जॉनसन 15 दिसंबर 2028 को रिलीज होने वाली 'ब्लैक पैंथर 3' में टीचाला के बेटे का किरदार निभाएंगे। यह फिल्म जॉनसन के किरदार, प्रिंस टी'चाला 2 की कहानी दिखाएगी। डेविड जॉनसन 'ब्लैक पैंथरः वाकांडा फॉरएवर' में एक बच्चे के तौर पर नजर आए थे। डायरेक्टर रयान कूगलर तीसरी फिल्म के लिए वापसी करेंगे।



# दीपिका से छूटी फिल्म अब कैट की झोली में!

**नई दिल्ली।** संदीप रेड्डी वांगा की 'स्पिरिट' प्रभास की मचअवेटेड फिल्मों में से एक है। प्रभास और तृप्ति डिमरी स्टारर इस फिल्म को सबसे ज्यादा सुर्खियां तब मिलीं जब दीपिका पादुकोण ने फिल्म से किनारा किया। अब एक बार फिल्म ये फिल्म चर्चा में है और वजह है नई एक्ट्रेस का नाम। दावा किया जा रहा है कि कैटरीना कैफ इस फिल्म का हिस्सा बन गई हैं। इसे लेकर अभी कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इंडस्ट्री के एक सोर्स ने कैटरीना की काम पर वापसी की अफवाहों को 'पूरी तरह से गलत और गुमराह करने वाला' बताया है। सोर्स ने बताया, "फ्यूचर में कैट के एक्टिंग प्लान के बारे में किए जा रहे दावों में कोई सच्चाई नहीं है। यह रिपोर्ट पूरी तरह से अटकलों और गलत जानकारी पर आधारित है जिसकी कोई कनफर्मेशन नहीं है।



# यामी कहानी-3 में आएंगी नजर...

**मुंबई।** यामी गौतम के सितारे बुलंदी पर हैं। हाल ही में फिल्म 'आर्टिकल 370' में शानदार अदाकारी के लिए यामी गौतम के नाम का ऐलान नेशनल फिल्म अवॉर्ड के लिए हुआ। उन्होंने 2024 में आई इस फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता। इस बीच अभिनेत्री के फैंस के लिए एक और खुशखबरी है। यामी गौतम फिल्म 'कहानी 3' में नजर आएंगी। सुजॉय घोष की चर्चित फ्रैंजाइजी की दो फिल्में आ चुकी हैं। पहली फिल्म 'कहानी' साल 2012 में रिलीज हुई थी। वहीं, दूसरा पार्ट 2016 में रिलीज हुआ। दोनों फिल्मों के निर्देशन का जिम्मा सुजॉय घोष ने निभाया। वहीं, लीड रोल में विद्या बालन नजर आई थीं। अब सुजॉय इसकी तीसरी किस्त लेकर आ रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'कहानी 3' में यामी गौतम की एंट्री हो गई है।

## टीवी मसाला



# वो शख्स, जो जाते-जाते रामानंद की रामायण को बना गया अमर

**नई दिल्ली।** रवींद्र जैन वो सितारा थे, जिन्होंने खुद दृष्टिहीन होते हुए रामानंद सागर की 'रामायण' में अपने सुरीले संगीत से रंग भर दिए थे। ये रंग ऐसे भरे कि जब भी 'रामायण' की बात होती है, तो उनके कलाकारों के साथ ही उसकी चौपाइयां और गीत याद आ जाते हैं, जिन्हें रवींद्र जैन ने अपनी प्यारी आवाज और संगीत से सजाया था। रवींद्र जैन जन्म से ही दृष्टिहीन थे। उन्हें कुछ दिखाई नहीं देता था, पर भगवान ने उन्हें सुरीली आवाज और संगीत के अमर वरदान से नवाजा था। उनके गले में मां सरस्वती विराजत करती थीं। उन्हें 'सरस्वती पुत्र' कहा जाता था। उसी वरदान से उन्होंने रामानंद सागर को 'रामायण'के रूप में ऐसा तोहफा दे दिया, जो दुनियाभर में हमेशा के लिए अमर हो गया। 28 फरवरी 1944 को पैदा हुए रवींद्र जैन के पिता संस्कृत पंडित थे, पर बचपन में ही उन्होंने बेटे के हुनर को भांप लिया था। फिर क्या था, उन्होंने बेटे रवींद्र को जी.एल जैन, जनार्दन शर्मा और नाथू राम जैसे संगीतकारों के पास संगीत सीखने भेज दिया। रवींद्र जैन ने संगीत के लिए ही अपनी आंखों को इलाज तक नहीं कराया था। वह बचपन से ही दृष्टिहीन थे। आंखों का इलाज हो सकता था, पर रवींद्र का कहना था कि अगर उनकी आंखों की रोशनी लौट आई, तो वह न तो संगीत पर ध्यान दे पाएंगे और ना ही पहले जैसा संगीत बना पाएंगे। इसलिए उन्होंने आजीवन दृष्टिहीन होना ही चुना। रवींद्र जैन का 9 अक्टूबर 2015 को 71 साल की उम्र में निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे और मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती थे। परिवार में पत्नी दिव्या जैन और बेटा आयुष्मान ही रह गए।

## हर्षद हुए लॉक अप 2 से बाहर

**नई दिल्ली।** 'लॉक अप 2' में ड्रामा जारी है क्योंकि अब हर्षद चोपड़ा को रियलिटी शो से बाहर कर दिया गया है। उनके बाहर होने से कई दर्शक



हैरान हैं, जिन्हें उम्मीद थी कि वह गेम में और आगे तक जाएंगे। जेल के अंदर हर्षद एक शांत और संयमित कंटेस्टेंट के तौर पर दिखे। हालांकि उनकी कुछ बहसें और इमोशनल पल भी रहे, लेकिन ज़्यादातर समय वह गेम में अपने में ही रहे। लेकिन, बढ़ते कॉम्पिटिशन और मजबूत कंटेस्टेंट्स के बीच उन्हें काफी सपोर्ट नहीं मिल पाया और उन्हें शो छोड़ना पड़ा। उनके बाहर होने के बाद सोशल मीडिया पर फैन्स जोरदार प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कई दर्शकों ने कहा कि उन्हें उनके इतनी जल्दी बाहर होने से झटका लगा है और वे निराश हैं। कुछ फैन्स ने इसे अनुचित भी बताया और कहा कि वह गेम में और समय के हकदार थे, जबकि दूसरों का कहना है कि यह शो के अनप्रेडिक्टेबल नेचर का ही हिस्सा है।

# पेरिस तक गई, ताकि जमाने से आगे रह सकूं : हेलेन

*नई दिल्ली। अदाकारा और मशहूर डांसर हेलेन के नाम पर दर्शकों की भीड़ सिनेमाघरों में फिल्म देखने टूट पड़ती थी। एक दौर था जब हेलन का सिर्फ नाम ही काफी थी। उन्होंने बॉलीवुड के कुछ सबसे यादगार डांस परफॉर्मेंस दी हैं। हेलेन ने हाल ही में इसे लेकर दिलचस्प खुलासा किया कि गानों को करने में वे खुद किस तरह एफर्ट्स डालती थीं। यह उनके डांस के अलावा फैशन से भी जुड़े थे।*



### चीजें खोजने विदेशों की यात्राएं कीं

हेलेन ने 'इंडियाज बेस्ट डांसर' के एक एपिसोड में बताया कि उन्होंने खुद कई ऐसी एक्सेसरीज चुनीं, जो उनके ग्लैमरस कैबरे डांस की पहचान बन गईं। हेलेन ने कहा कि वे हमेशा चाहती थीं कि उनके कॉस्ट्यूम अनोखे लगें। सिर्फ स्थानीय स्तर पर मिलने वाली एक्सेसरीज पर निर्भर रहने के बजाय, उन्होंने ऐसी चीजें खोजने के लिए विदेश की यात्रा कीं, जो उनके परफॉर्मेंस को एक अलग विजुअल पहचान दे सकें।

### बहुत जल्दी डांस सीख लेती थीं

शो के जज जावेद जाफरी ने बॉलीवुड फैशन और डांस पर हेलेन के असर को याद किया और उन्हें ट्रिब्यूट दिया। उन्होंने कहा कि उनके बोल्ड कॉस्ट्यूम, शानदार परफॉर्मेंस और स्क्रीन पर उनके कॉन्फिडेंस भरे अंदाज ने हिंदी फिल्मों में ग्लैमर को पेश करने का तरीका बदल दिया। उनके मुताबिक, उन्होंने नए ट्रेंड सेट किए और साथ ही कई पीढ़ियों के कलाकारों को प्रेरित भी किया। करिश्मा कपूर ने भी अपनी मां से जुड़ी एक याद शेयर की। उन्होंने कहा, 'मेरी मां मुझे बताती थीं कि जब भी हेलेन जी सेट पर आती थीं, तो सब लोग सम्मान के साथ शांत हो जाते थे। ठीक वैसे ही जैसे शम्मी कपूर के आने पर होता था'। करिश्मा कपूर ने यह भी बताया कि हेलेन रिहर्सल के दौरान बहुत तेजी से कोरियोग्राफी सीख लेती थीं, जिसके लिए उनके प्रोफेशनलिज्म और हुनर की तारीफ की जाती थी।

### अपने लुक की हर चीज पर खुद ध्यान देती थीं

अपने डांस नंबर्स की तैयारी को याद करते हुए हेलेन ने बताया कि वे अपने लुक की हर छोटी-बड़ी चीज पर खुद ध्यान देती थीं। उन्होंने खुद ऐसी एक्सेसरीज और फैशन की चीजें चुनीं, जो उस समय भारत में आम नहीं थीं। उन्होंने कहा, 'मैं लंदन गई और वहां से नीले, भूरे और हरे रंग के लेंस और खास आईलैश (पलकें) लेकर आई। मेरे हेडगियर (बालों की एक्सेसरजी) मेरे हेयरड्रेसर ने बनाए थे। मैं अपनी कॉस्ट्यूम के लिए असली पंख लेने पेरिस भी गई थी। मेरी ज्वेलरी, बड़े गॉगल्स और एक्सेसरीज, ये सब मैंने इसलिए, चुना ताकि मैं जमाने से आगे रह सकूं'।

# शूटिंग के लिए पति-बेटी संग लौटीं भारत



*मुंबई। मच अवेटेड फिल्म 'वाराणसी' से प्रियंका चोपड़ा 8 साल के गैप के बाद इंडियन सिनेमा में वापसी कर रही हैं। फिल्म की शूटिंग के लिए वह पति निक जोनास और बेटी मालती मैरी के साथ भारत आई हैं। उन्हें हैदराबाद एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। उनकी तस्वीरें वायरल हो रही हैं। फ़िल्म का ज़्यादातर हिस्सा शूट हो चुका है, बस कुछ छोटे-छोटे आपस में जुड़े सीन बाकी हैं। एएस राजामौली ने बताया था कि टीम को उम्मीद है कि इस साल सितंबर या अक्टूबर तक फ़िल्म की शूटिंग पूरी हो जाएगी. वाराणसी को 7 अप्रैल, 2027 को दुनिया भर में सिनेमाघरों में रिलीज़ किया जाएगा। वायरल तस्वीरों और वीडियो में निक जोनास और प्रियंका चोपड़ा को साथ चलते हुए देखा जा सकता है। प्रियंका को ऑफ-शोल्डर टॉप वाले डार्क ब्राउन को-ऑर्ड सेट में देखा जा सकता है। उन्होंने एयरपोर्ट लुक को बेज रंग की कैप, काले धूप के चश्मे और ब्राउन रंग के फ्लैट्स के साथ कंप्लीट किया है। वहीं, निक जोनास ने एयरपोर्ट लुक के लिए कंफर्टेबल ऑल-ब्लैक आउटफिट चुना. वह काली शर्ट के साथ मैचिंग ट्राउजर पहने दिखाई दिए. उन्होंने सफेद-काले स्नीकर्स और टिंटेड धूप के चश्मे के साथ अपने लुक को कंप्लीट किया।*

# पहले ठुकराया, फिर गुस्से में लता ने गाया था ये कालजयी गाना

**नई दिल्ली।** लता मंगेशकर स्वर कोकिला कही जाती हैं। उन्होंने सिनेमा को हजारों कल्ट क्लासिक गानों से नवाजा है, दशकों तक चाहने वालों को दीवाना बनाया है। डायरेक्टर-प्रोड्यूसर लता मंगेशकर को कास्ट करने के लिए लाइन में लगे रहते थे। लता मंगेशकर भी गायिकी के लिए समर्पित थीं। उन्होंने बेझिझक गाने गाए और नाम कमाया। मगर शायद ही आपको पता है कि उन्होंने अपना एक कल्ट गाना गाने से इनकार कर दिया था। 48 साल पहले उन्होंने शिव भक्ति से जुड़ा गीत गाना था, लेकिन उन्होंने पहले इनकार कर दिया था।



यह गीत है राज कपूर की फिल्म सत्यम शिवम सुंदरम का टाइटल ट्रैक । जीनत अमान पर फिल्माया गया ये गीत लता मंगेशकर ने अपनी आवाज में अमर कर दिया। करीब पांच दशक के बाद भी यह गाना लोगों की जुबान पर रहता है। इस गाने को गवाने लिए राज कपूर को लता मंगेशकर को मनाना पड़ा था। वह उनसे इतना खफा हो गई थीं कि उन्हें स्टूडियो में भी नहीं आने दिया था।

इस नाराजगी के पीछे की वजह राज कपूर पर लिखी किताब 'राज कपूरः द वन एंड ओनली शोमैन' में उनकी बेटी रितु नंदा ने बताई है। रितु नंदा ने किताब में बताया था कि राज कपूर ने सत्यम शिवम सुंदरम में म्यूजिक डायरेक्टर के तौर पर पहले लता मंगेशकर के भाई हृदयनाथ मंगेशकर को लेने वाले थे। उन्होंने ही सिंगर से गुजारिश की थी कि वह हृदयनाथ को मनाएं।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### मस्तूरी क्षेत्र को 2 करोड़ के 18 विकास कार्यों की मिली सौगात



**मस्तूरी।** विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण विकास को नई गति देते हुए विधायक दिलीप लहरिया के सतत प्रयासों से 2 करोड़ 1 लाख 64 हजार रूपए की लागत के 18 निर्माण कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। इन कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक गतिविधियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। श्री लहरिया ने कहा कि मस्तूरी विधानसभा के प्रत्येक गांव तक मूलभूत विकास पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक भवन एवं सांस्कृतिक मंचों की लंबे समय से मांग थी, जिसे अब स्वीकृति मिल गई है। दिलीप लहरिया ने लोक निर्माण विभाग के वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल करने खम्हरिया–सोंठी–नवापारा मार्ग (12.00 कि.मी.) के निर्माण कार्य की अति शीघ्र प्रशासकीय स्वीकृति हेतु उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव को पत्र प्रेषित कर इस महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया है। साथ ही उन्होंने लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से भी बैठक कर शीघ्र स्वीकृति कराने पहल की है।

### मनीष बने सर्व यादव समाज के तहसील अध्यक्ष



**पथरिया।** सर्व यादव समाज जिला मुंगेली के तत्वावधान में रविवार को यादव समाज भवन पथरिया में सर्व यादव समाज तहसील पथरिया का चुनाव किया गया जिसमें सर्वसम्मति से नगर के पूर्व भाजपा पार्षद मनीष यादव को पथरिया पुनः तहसील अध्यक्ष चुन लिया गया। इसी क्रम में उपाध्यक्ष संतोष यादव, सचिव परदेसी राम यादव और सह सचिव तीज राम यादव निर्वाचित घोषित किए गए। इस अवसर पर पर्यवेक्षक के रूप में मैकल यादव एवं दिलीप यादव ने उपस्थित रहकर चुनाव संपन्न कराया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष नरेश राम यादव, महासचिव देवी शंकर यादव, जिला कोषाध्यक्ष फूलचंद यादव, जिला स्थाई आमंत्रित सदस्य रितेश यादव, महादेव यादव, प्रमोद यादव, नगर पंचायत सभापति इंद्रजीत यादव , शिवप्रसाद यादव ,तीजराम यादव, तिजऊ यादव, अनिल यादव, हिमांशु यादव, प्रभात यादव, मुकेश यादव, हर्षित यादव, विजेंद्र यादव एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे ।

### कायस्थ समाज ने लगाए नीम जामुन व आंवला के पौधे




**बिल्हा ।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से कायस्थ समाज बिलासपुर द्वारा रविवार को गोकुल नगर, घुरू स्थित पशु चिकित्सालय परिसर के समीप पौधरोपण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत समाज के सदस्यों ने नीम, आंवला, जामुन सहित विभिन्न छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विजय किशोर वर्मा, अनुराग श्रीवास्तव, जयंत श्रीवास्तव, गोवर्धन श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, विनोद वर्मा, श्रीकांत वर्मा, विनीता वर्मा, अक्षय सिन्हा, वंदना वर्मा, सपना श्रीवास्तव, चित्रलेखा श्रीवास्तव एवं दीपिका श्रीवास्तव सहित समाज के अनेक सदस्य उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

### 90 पाव देशी शराब और स्कूटी के साथ आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**बिल्हा।** अवैध शराब के कारोबार पर शिकंजा कसते हुए हिर्री पुलिस ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की। मुखबिर की सूचना पर खरकेना हाई स्कूल मोड़ के पास घेराबंदी कर स्कूटी सवार भरत लाल कश्यप (45), निवासी पथराली को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में स्कूटी के पैरदान और डिक्की से 90 पाव (16.2 बल्क लीटर) देशी प्लेन शराब बरामद हुई। जब्त शराब की कीमत करीब 7,200 रुपए आंकी गई है। पुलिस ने शराब के साथ परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी भी जब्त कर ली। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) एवं 59(क) के तहत अपराध दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

### आज होगा एल्डरमैन का शपथ ग्रहण

**मल्हार।** नगर पंचायत मल्हार के तीन मनोनीत एल्डरमैन सोमवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह आज 27 जुलाई को मंगल भवन में दोपहर 12 बजे सम्पन्न होगा। समारोह में पूर्व विधायक डॉ केएम बांधी, भाजपा जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल, जिला मंत्री एस कुमार मनहर सहित भाजपा नेता उपस्थित होंगे। छत्तीसगढ़ शासन ने पिछले दिनों मल्हार के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रामनारायण कश्यप, धर्मेंद्र सिंह व रवि कैवर्त को एल्डरमेन नियुक्त किया है।

### खुले में लटके हैं हाईटेंशन तार, बच्चों की सुरक्षा खतरे में

# स्कूल के पास 11 केवी ट्रांसफार्मर का खतरा शिक्षकों की लेट-लतीफी से पढ़ाई भी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मरवाही

विकासखण्ड मरवाही के प्राथमिक शाला मौहारटोला, ग्राम परासी में शनिवार, 25 जुलाई को शिक्षकों के देर से पहुंचने का मामला सामने आया है। समय पर स्कूल पहुंचने वाले नौनिहाल बच्चों को घंटों शिक्षकों का इंतजार करना पड़ा। इससे एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था की लापरवाही उजागर हुई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि यहां शिक्षक अक्सर विलंब से विद्यालय पहुंचते हैं, जबकि बच्चें समय पर स्कूल आ जाते हैं। शिक्षकों की इस लेटलतीफी से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। शिक्षा विभाग की लापरवाही के साथ-साथ यहां बच्चों की सुरक्षा भी खतरे में है। प्राथमिक शाला मौहारटोला के मुख्य द्वार से महज 5 से 10 मीटर की दूरी पर बिजली विभाग का 11,000 वोल्ट का ट्रांसफार्मर स्थापित है। इस ट्रांसफार्मर से निकलने वाले हाईटेंशन तार खुले में लटके हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल लगने के दौरान बच्चें परिसर में खेलते रहते हैं। खुले तारों के कारण कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस




लापरवाही का खामियाजा मवेशियों को भुगतना भी पड़ चुका है। लगभग 4 दिन पहले स्कूल के बगल स्थित तालाब पर पानी पीने गए एक मवेशी की इसी ट्रांसफार्मर से निकले तार ने मवेशी को करंट के चपेट में ले लिया जिससें उसकी मौत हो गई थी। स्कूल के बगल में ही तालाब होने के कारण रोजाना मवेशियों का आना-जाना लगा रहता है, जिससे हादसे की आशंका और बढ़ गई है।

### शिक्षा विभाग के 5 कर्मचारी कलेक्टर व तहसील कार्यालय अटैच

लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ के आदेश के अनुपालन में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कलेक्टर विजय दयाराम के अनुमोदन से पांच कर्मचारियों को उनके मूल संस्था के कार्य के साथ-साथ कलेक्टर एवं तहसील कार्यालय का भी कार्य संपादित करने आदेश जारी किया गया है। जारी अलग-अलग आदेशों में शारदा रोहिणी सहायक ग्रेड तीन को शासकीय उच्चतर मध्यमिक विद्यालय पकरिया के लिए कार्यमुक्त किया गया था। रोहणी अपने मूल कार्य के साथ-साथ कलेक्टर कार्यलय की कार्य संपादित करेंगे। पुरेंद्र कुमार खुसरो सहायक ग्रेड तीन को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरदर्री के लिए कार्य मुक्त किया गया था। खुसरो अपने मूल कार्य के साथ साथ तहसील कार्यालय मरवाही का भी कार्य संपादित करेंगे। महेंद्र सिंह आर्मो सहायक ग्रेड दो को शासकीय गुरुकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेंड्रारोड के लिए कार्यमुक्त किया गया था। आर्मो अपने मूल कार्य के साथ-साथ कलेक्टर कार्यालय का भी कार्य संपादित करेंगे। अविनाश डे सहायक ग्रेड दो को कार्यलय विकासखंड शिक्षा अधिकारी पेंड्रा के लिए कार्यमुक्त किया गया था। श्री डे अपने मूल कार्य के साथ साथ जिला निर्वाचन कार्यालय का भी कार्य संपादित करेंगे। इसी तरह से दीपेश नवरत्न सहायक ग्रेड दो को हाई स्कूल धोबहर के लिए कार्यमुक्त किया गया था। श्री नवरत्न अपने मूल कार्य के साथ साथ कलेक्टर कार्यलय का भी कार्य संपादित करेंगे।

## बेलसरी में आकाशीय बिजली गिरने से किसान की मौत

**लोरमी।** ग्राम बेलसरी में रविवार दोपहर खेत में धान रोपाई के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत मोहडण्डा के आश्रित ग्राम बेलसरी निवासी मृतक फलित राम साहू (29 वर्ष), पिता बोधन साहू, निवासी ग्राम बेलसरी रविवार को दोपहर करीब 1 बजे अपने खेत में धान रोपाई के दौरान खेत की मेढ़ पर कार्य कर रहे थे। इसी दौरान चमक-गर्जना के साथ आकाशीय



बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आने से किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद ग्रामीण तत्काल उसकी सहायता के लिए पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने शासन से पीड़ित परिवार को शीघ्र आर्थिक सहायता एवं नियमानुसार मुआवजा प्रदान करने की मांग की है।

### पुहुप राम बने विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष

**मुंगेली।** विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल मुंगेली में संगठन विस्तार, नए पदाधिकारियों की नियुक्ति पुहुप राम साहू बने विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष, हीरा साहू को मिली बजरंग दल की कमान मुंगेली विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल मुंगेली द्वारा संगठन को और मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में यह विस्तार किया गया है। इस नियुक्ति के तहत पुहुप राम साहू को विश्व हिन्दू परिषद का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं हीरा साहू को बजरंग दल का जिला संयोजक बनाया गया है। दोनों ही पदाधिकारी लंबे समय से संगठन से जुड़े हुए हैं और समाज सेवा एवं हिन्दू समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं। संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि नई जिम्मेदारी मिलने पर दोनों पदाधिकारियों से अपेक्षा है कि वे विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के उद्देश्यों को आगे बढ़ाते हुए समाज में सकारात्मक कार्य करेंगे। धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ सेवा कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

### केबल चुराने वाले 3 आरोपी व 2 नाबालिग गिरफ्तार, सामान बरामद

**मुंगेली/लोरमी।** खेत में लगे ट्यूबवेल से केबल वायर चोरी करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियों एवं 2 विधि से संघर्षरत बालकों को हिरासत में लिया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया लगभग 10 मीटर केबल वायर एवं घटना में प्रयुक्त कटर जप्त कर 3 आरोपी गिरफ्तार कर न्यायालय एवं 02 विधि से संघर्षरत बालकों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया। थाना प्रभारी अखिलेश वैष्णव ने बताया कि निवासी नवाडीह, प्रार्थी दयालदास पिता संतोष पात्रे, उम्र 42 वर्ष, थाना में 24 जुलाई को अपने खेत के ट्यूबवेल के केबल वायर चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर संदेही विशाल ध्रुव को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने अपने साथी अरमान खान, कुशाल रजक उर्फ छोटू तथा 02 विधि से संघर्षरत बालकों के साथ मिलकर केबल वायर चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी विशाल ध्रुव (20 वर्ष), निवासी महामायापारा लोरमी, अरमान खान (19 वर्ष), निवासी करसरी चौकी डिंडौरी तथा कुशाल रजक उर्फ छोटू (19 वर्ष), निवासी बाजारपारा को भारतीय न्याय संहिता (बी.एन.एस.) के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर दिया। जबकि दोनों अपचारी बालको को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### सूरजमल स्कूल में कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को किया नमन




**बिल्हा।** शासकीय सूरजमल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कारगिल विजय दिवस मनाया गया। संस्था की प्राचार्य संगीता कुशवाहा ने कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उनको अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए । इस अवसर पर संस्था में निबंध भाषण तथा चित्रकला प्रतियोगिता जैसे विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके बाद छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों ने नगर में रैली निकालकर वीर शहीदों के प्रति प्रेम और सद्भाव को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित कर गगन भेदी नारों के साथ नागरिकों को देशभक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर दिनेश सिंह, गीता शंकर उपाध्याय, मूलचंद देवांगन, राजश्री तिवारी, निशा सोंधिया, प्रमोद वर्मा, अजय दुबे, अफजल अंसारी, मनोज पवार आदि शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

### कारगिल विजय दिवस श्रद्धा एवं गौरव के साथ मनाया गया



**बिल्हा।** उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, हथनी, बिलासपुर में 26 जुलाई कारगिल विजय दिवस श्रद्धा, सम्मान एवं राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। सभी प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

अधिष्ठाता डॉ. तोरन लाल साहू ने कारगिल के वीर सैनिकों के अदम्य साहस, त्याग एवं राष्ट्रभक्ति को याद करते हुए विद्यार्थियों से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। सहायक प्राध्यापक श्रीमती पुष्पांजलि पंकज ने भी प्रेरणादायी विचार व्यक्त किए। तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों तुश्रीखा साहू, पी. एल. ख्याति, निखिल कन्नौजे एवं संजीत एक्का ने कारगिल युद्ध एवं शहीदों के बलिदान पर भाषण प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने आकर्षक रंगोली बनाई। कार्यक्रम में सुरेश कुमार, डॉ. राकेश गिरी गोस्वामी, डॉ. मकसूदन वर्मा, डॉ. संध्या साहू, डॉ. मुकेश पटेल, डॉ. रोहित, डॉ. ऋतु स्वर्णकार एवं किरण साहू सहित सभी कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## भाजपा संत रविदास के समरसता संदेश को जन-जन तक पहुंचाएगी: मोहले

**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण द्वारा संत रविदास की 650वीं जयंती पर एक दिवसीय कार्यशाला एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया।

- भाजपा ग्रामीण की कार्यशाला एवं कार्यकर्ता सम्मेलन

कार्यशाला में संत रविदास जयंती तक चलने वाले पांच चरणों के अभियान की विस्तृत रूपरेखा कार्यकर्ताओं के समक्ष प्रस्तुत की गई।

मुख्य वक्ता मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि संत रविदास सामाजिक समरसता, समानता और मानवता के महान प्रतीक थे। उन्होंने अपने जीवन और वाणी के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार करते हुए यह संदेश दिया कि प्रत्येक व्यक्ति ईश्वर की संतान है तथा निर्मल मन से ही ईश्वर की प्राप्ति संभव है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संत रविदास के संदेश को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। पूर्व मंत्री डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी ने कहा कि संत किसी जाति विशेष के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव समाज के मार्गदर्शक होते हैं। ज्योतिनंद दुबे ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संघर्षों को स्मरण करते हुए उन्हें राष्ट्रीय अखंडता का प्रतीक बताया। भाजपा




प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने आगामी तिरंगा यात्रा एवं विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं से सक्रिय सहभागिता का आग्रह किया। भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष मोहित जायसवाल ने संगठन के सभी कार्यक्रमों को निर्धारित समय-सीमा में सफलतापूर्वक संपन्न करने का आह्वान किया। वहीं अभियान के जिला संयोजक प्रणव शर्मा समदरिया ने समरसता संकल्प अभियान के पांचों चरणों एवं तिथिवार कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान, लवकुश कश्यप, एस. कुमार मनहर, जनक देवांगन, चंद्रप्रकाश सूर्या, घनश्याम रात्रे, उमेश गौरहा, अवधेश अग्रवाल, विक्रम सिंह, शैल भोई, महाराज सिंह नायक, तीरथ राम यादव, राज्यवर्धन कौशिक, नागेश्वरी साहू, सरोजनी भारद्वाज, कुंती मेहर, राजकुमारी बघेल, पृथ्वीपाल राय, राजेंद्र अग्रहरि, गिरीश यादव, राजेश कश्यप, दुर्गा कश्यप मोनूश्रीवास पवन कश्यप मनीष कौशिक दीपक शर्मा रवि बरगाह रामेश्वर सिंह भोजेश रजक शैलू गोरख बजरंग जायसवाल हरिकेश गुप्ता सतीश पाटनवर विजय शर्मा भरत कश्यप गंगा साहू कमल पटेल त्रिदेव रजक सीता ठाकुर आशीष बाकरे जीतेन्द्र राय लक्ष्मी सिन्हा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सर्व हिंदू समाज ने किया कुणाल कामरा का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

नवाडीह चौक में रविवार को सर्व हिंदू समाज द्वारा कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों के विरोध में आक्रोश प्रदर्शन करते हुए कुणाल कामरा का पुतला दहन किया गया।

- विहिप-बजरंग दल समेत बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग हुए शामिल

प्रदर्शन में क्षेत्र के बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोगों के साथ राष्ट्रवादी संगठनों, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी की और आपत्तिजनक टिप्पणियों पर अपना विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि कुछ दिन पूर्व दिल्ली के जंतर-मंतर में आयोजित एक प्रदर्शन के दौरान मंच से माता सीता, भगवान श्रीराम, भारतीय सेना, संत प्रेमानंद महाराज, आरएसएस, बजरंग दल और भारत माता को लेकर कथित तौर पर अभद्र एवं आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया गया। इसी के विरोध में सर्व हिंदू समाज द्वारा सीपत के नवाडीह चौक में आक्रोश प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर विश्व



हिंदू परिषद सीपत प्रखंड अध्यक्ष रविकांत राजवाड़े ने कहा कि सनातन धर्म, साधु-संतों और हिंदू देवी-देवताओं को बार-बार निशाना बनाकर अभद्र भाषा का प्रयोग करना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना छात्रों का संवैधानिक अधिकार है और हम छात्रों का सम्मान करते हुए उनके आंदोलन का समर्थन करते हैं। हमारा विरोध उन लोगों से है, जो छात्र आंदोलन की आड़ में देश में अशांति फैलाने, दंगा भड़काने अथवा सनातन धर्म, साधु-संतों, भारत माता और भगवान श्रीराम एवं माता सीता के प्रति आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हैं। पुतला दहन के पश्चात उपस्थित लोगों ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भारतीय सेना के वीर जवानों के शौर्य और पराक्रम को नमन किया तथा देश की रक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रमोद कश्यप, रविकांत राजवाड़े, दीपक वैष्णव, रघुनंदन श्रीवास, लोकेश साहू, शुभम साहू, रवि पांडे, मिथिलेश श्रीवास, मिथिलेश वैष्णव, नीतीश साहू, शैलेंद्र साहू, नवल किशोर, राजेश केवट, विकास गुप्ता, रामस्वरूप साहू , उमेश पाटनवार, प्रशांत सरकार, मानस, लक्की गुप्ता, पुष्पेंद्र दास, विनय पाटनवार, सोनू निर्मलकर, तामेश्वर साहू, गजेंद्र यादव, ओम प्रकाश साहू, जयशंकर साहू, परमेश्वर रजक, राजा साहू, आयुष पाटनवार, ओम पाटनवार, डोमेश्वर यादव, नमन मिश्रा, दीपक श्रीवास, मानसू, दीपक पांडेय, मनीष साहू, गणेश साहू, वासु पटेल, हार्दिक चंद्राकर, घनश्याम पाटनवार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पुलिस लाइन रोड पर किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने की दिशा में स्टार्स ऑफ टुमॉरो वेलफेयर सोसायटी ने हरियर मुंगेली सुघ्घर मुंगेली अभियान के तहत पुलिस लाइन रोड में पौधरोपण किया। जिसमें नीम, कदम, बादाम और गुलमोहर आदि के 30 छायादार पौधों का रोपण किया गया और उनकी सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड भी लगाए गए।

चौथे चरण के अभियान प्रभारी धनराज परिहार एवं सहप्रभारी रवि साहू ने बताया कि संस्था पिछले 9 वर्षों से नगर के विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कर रही है। इस अवसर पर स्टार्स ऑफ टुमॉरो के संयोजक रामपाल सिंह, सहसयोंजक रामशरण यादव, अध्यक्ष महावीर सिंह, कोषाध्यक्ष धनराज परिहार, सतपाल मक्कड़,



गोखलेश सिंह, देवेंद्र परिहार, श्रेणिक पारेख, आशीष सोनी, अनुराग सिंह, गिरीश सुथार, सुनील वाधवानी, देवशंकर श्रीवास्तव, कोमल चौबे, नागेश साहू, राहुल मल्लाह, पवन यादव, आर्या सिंह, मुकेश पांडेय, वासु पांडेय, रवि साहू, धीरज जैन, पप्पू शर्मा, वैभव ताम्रकार, देवेंद्र सिंह, अजय चंद्राकर, चित्रकान्त सिंह, संतोष जांगड़े, श्रीओम सिंह, रघुराज सिंह, सुरेश यादव, सुमित उपाध्याय सहित नगर के पर्यावरण प्रेमी संतोष सोनकर, अरविंद रूपवानी, विजेंद्र मानिकपुरी, सोमेश नंदवानी, प्रियांक गुप्ता, नितेश लालवानी, प्रद्युम्न सिंह, सागर वैष्णव, व्यास सिंह, प्रकाश दुबे, आदर्श केशरवानी, जयकुमार मार्को उपस्थित रहे।

### मोदी सरकार छात्रों के हित में चट्टान की तरह खड़ी: केशरवानी

मुंगेली। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने नीट पेपर लीक मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई ऐतिहासिक एवं कड़े कदमों की घोषणा की तारीफ की है। उन्होंने अस्पताल में भर्ती सोनम वांगचुक द्वारा अनशन समाप्त किए जाने के बाद कांग्रेस सहित इण्डी गठबंधन के घटक दलों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि इन घटनाक्रमों ने विपक्ष के असली राजनीतिक चरित्र और उनके भारत विरोधी एजेंडे की पूरी तरह पोल खोल दी है।



भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए त्वरित और अभूतपूर्व कदम उठाने की घोषणा की है। मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा न केवल त्वरित सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन के निर्देश दिए हैं, बल्कि दोषियों को 5 से 10 साल की कड़ी सजा, कठोर जमानत शर्तों और दोषी पाए जाने पर संबंधित कोचिंग संस्थानों को बंद करने जैसे कठोर प्रावधानों वाले कानून का मसौदा तैयार करवाया जा रहा है। सरकार की इस त्वरित संवेदनशीलता और पारदर्शी नीयत के बाद केंद्रीय मंत्रियों की मौजूदगी में सोनम वांगचुक ने भी सरकार के सकारात्मक रुख पर भरोसा जताते हुए अपना अनशन समाप्त कर दिया।

### सामाजिक समरसता का उदाहरण न्यौता भोज: माधवी



तखतपुर। खपरी स्कूल में आयोजित न्योता भोज कार्यक्रम में सम्मिलित होकर विद्यार्थियों एवं ग्रामीणजनों से आत्मीय संवाद करने का अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर संबोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार ने कहा कि न्यौता भोज महज एक भोज नही है बल्कि बच्चों के साथ बैठकर एक उत्सव मनाने तथा सामूहिक रूप से एक साथ भोजन कर एक समरसता का उदाहरण है। इस दौरान बच्चों को न्योता भोज की परंपरा एवं उसके सामाजिक महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत पौधरोपण कर विद्यार्थियों एवं ग्रामीणजनों को पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाने एवं प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर सरपंच शशि बंजारे, शाला विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष मनोज बंजारे, प्राचार्य मृणाल्रिनी केशरवानी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अरपा नदी में युवक की लाश मिलने से सनसनी

**बिलासपुर।** अरपा नदी में एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस पहचान कार्रवाई में लग गई है। कोनी टीआई विवेक पाण्डेय ने बताया, 26 जुलाई को दोपहर में ग्राम सेंदरी के ग्रामीणों ने अरपा नदी के बीच में एक युवक की लाश देखी। नदी में लाश देखने लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पुलिस नदी पहुंचकर आसपास के लोगों को तलब कर पहचान कराने की कोशिश की किन्तु पहचान नहीं हो पाई है। मृतक की उम्र 30 साल बताई जा रही है। लाश एक दो दिन पुरानी व पानी के बहाव में बहकर आने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस शव मरच्यूरी में रखवाकर पहचान कार्रवाई में लग गई है। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### छज्जे में छिपा अनाचार का आरोपी, गिरफ्तार

**बिलासपुर।** घर के बाहर पुलिस को देखकर फरार अनाचार का आरोपी छज्जे में चढ़कर छिप गया। पुलिस ने उसे पकड़कर थाने लेकर गई और गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक युवती को सरगांव निवासी अमन यादव उर्फ राजा पिता जितेन्द्र यादव 26 साल प्रेम जाल में फंसाकर शादी करने का झांसा देकर अनाचार करता रहा। उसके बाद युवक ने दूसरी लड़की से शादी कर ली और पीड़िता के साथ गाली गलौज कर शादी करने से इनकार कर दिया। 2 मई 2026 को पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई थी। उसके बाद से आरोपी लगातार फरार था। मुखबिर की सूचना पर एएसआई अजय चौरसिया बल के साथ आरोपी के घर गई तो आरोपी उन्हें देखकर अंदर छज्जे में चढ़कर छिप गया। घरवाले पुलिस को उसके घर में नहीं होने की बात कहकर गुमराह कर रहे थे। पुलिस ने घर के अंदर जाकर खोजबीन की तो आरोपी छज्जे में छिपा हुआ मिला। पुलिस उसे पकड़कर थाने लेकर आई और बीएनएस की धारा 69, 296 के तहत उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### पुरानी रंजिश में दो गुटों के बीच चला चाकू

**बिलासपुर।** पुरानी रंजिश में दो गुटों के बीच जमकर विवाद हो गया। दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया है। घायल दो युवकों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस हमलावरों की तलाश में जुट गई है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, 26 जुलाई की रात 9 बजे सिरगिट्टी कोरमी रोड मैटिक चौक पर पुरानी रंजिश को लेकर नरेन्द्र यादव व सुनील निर्मलकर के बीच नशे में विवाद हो गया। दोनों पक्ष एक दूसरे के साथ गाली गलौज करते हुए हाथा पाई करने लगे। इसी बीच दोनों गुटों ने चाकू निकालकर एक दूसरे पर हमला करना शुरू कर दिया। बीच चौक पर चाकूबाजी की वारदात होने से हड़कंप मच गया। लोगों ने चाकूबाजी की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल नरेन्द्र यादव, सुनील निर्मलकर को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगालकर हमलावरों की पहचान करने में लगी हुई है।

पुरानी बिल्डिंग होने का खामियाजा

रेडियोलॉजी में भी आ रहा है सीपेज, घोषणा होने के बाद भी कोनी में सिम्स अस्पताल बनाने का दावा नहीं हो रहा पूरा

# सिम्स में छत का प्लास्टर गिरा, सुरक्षा के लिए प्रबंधन ने रोका मरीजों का रास्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

60 साल पुराने सिम्स की बिल्डिंग की हालत बारिश के दिनों में खराब हो जाती है, सिम्स के थर्ड फ्लोर में बारिश के कारण छत का प्लास्टर गिरने लगा है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। प्रबंधन ने दुर्घटना रोकने के लिए यहां जाना प्रतिबंधित कर दिया है। वहीं पीडब्ल्यूडी को इसकी मरम्मत के लिए पत्र लिखा है।

सिम्स के थर्ड फ्लोर में बने मेल सर्जिकल वार्ड 1 के बाहर छत का प्लास्टर गिरने लगा है। सालों पुरानी बिल्डिंग में पूरी तरह से सीपेज है, जिसके चलते मरीज और डाक्टरों का जीवन दांव पर लग रहा है, हालांकि प्रबंधन का कहना है कि यहां जाना बंद कराया गया है लेकिन अभी भी मरीज यहां से आ रहे है। दरअसल यह 60 साल पुरानी बिल्डिंग पर बनाया गया वार्ड है, जहां रोजाना मरीज भर्ती किए जाते है। यह हिस्सा पुरानी और नई बिल्डिंग से जुड़ता है। प्रबंधन ने सर्जिकल वार्ड जाने के लिए लोगों को लिफ्ट की सुविधा दी है, इसके बावजूद लोगों को आना जाना इस जगह से लगा रहता है। प्रबंधन ने बांस के सहारे रास्ता रोकने की कोशिश की है जो पूरी तरह से नाकाम हो चुकी है। मरीजों के कपड़े अब इस बांस में सूख रहे हैं।




सिम्स प्रबंधन ने दुर्घटना रोकने आने जाने पर लगाया प्रतिबंध।

### नई बिल्डिंग टेंडर प्रक्रियाओं में अटकी

खास बात यह है कि कोनी में सिम्स अस्पताल बनाने का दावा कागजों से बाहर नहीं आ रहा है। पिछले 3 सालों से घोषणा हो चुकी है। सिम्स प्रबंधन ने इसके लिए एजेंसी भी चुन लिया है, लेकिन निर्माण की प्रक्रिया टेंडरों के बीच झुल रही है। वहीं दूसरी ओर सिम्स अस्पताल में मरीजों का दबाव समय के साथ बढ़ चुका है, जिसे संभाल पाना प्रबंधन के लिए काफी मुश्किल हो रहा है।



### रेडियोलॉजी विभाग तक पहुंचा सीपेज

पिछले 1 हफ्ते से हो रही बारिश का असर सिम्स अस्पताल में देखा जा सकता है। कई जगहों पर सीपेज आने की समस्या बन रही है। शनिवार को भी रेडियोलॉजी विभाग के एक्सरे रूम के बाहर छत से पानी टपकता रहा, इस दौरान पानी से बचते मरीज आते जाते रहे है। यहां पहले भी छत से पानी टकपटने की नौबत आती रही है, कुछ साल पहले ट्रीटमेंट कराया गया था लेकिन समय के साथ एक बार फिर परेशानी बढ़ चुकी है।

### आना जाना बंद कराया गया

थर्ड फ्लोर का हिस्सा पुरानी बिल्डिंग का है, हमें जैसे ही पता चला वहां से मरीजों का आना जाना बंद कराया गया है। इसके लिए पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखा गया है और सुधार करने के लिए कहा गया है।

**-डॉ लखन सिंह**, अधीक्षक, सिम्स

400 से अधिक मकान बनने के बाद भी है यह हालत

# बारिश में बदहाली के बीच रहने को मजबूर 100 से अधिक पुलिस परिवार



पुलिस लाइन स्थित पुलिस क्वार्टर की छत पर बारिश से बचने पन्नी डालकर रह रहे परिवार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस विभाग ने करोड़ों रुपए खर्च कर ईदगाह चौक, तिफरा पुलिस लाइन में 400 से अधिक मकानों का निर्माण कराया है, उसके बाद भी पुलिस अमला मकान की समस्या से जूझ रहा है। हालत यह है कि भरी बरसात में 100 से अधिक पुलिसवाले परिवार सहित जर्जर कंडम में मकानों में छत में तिरपाल लगाकर रह रहे हैं।

पिछले कुछ सालों से पुलिस विभाग पुलिसकर्मियों के लिए नए मकान बनाने प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय भेज रहा है। पूर्व में ईदगाह चौक में 123 व तिफरा पुलिस लाइन सब्जी मंडी के सामने अधिकारी व कर्मचारियों के लिए 264 पुलिस क्वार्टर बनाए गए हैं। उसके बाद भी पुलिस विभाग में कमी बनी हुई है। आलम यह है केन्द्रीय जेल के सामने पुलिस लाइन में करीब 50 व तिफरा पुलिस लाइन में 60 पुलिसकर्मी परिवार के साथ कंडम, जर्जर मकानों में रहने को मजबूर हैं। बारिश से बचने के लिए सभी मकानों की छत में तिरपाल व दीवार गिरने की स्थिति में लकड़ी का टेका लगाया गया है।





### जहरीले जंतु का डर

दिन रात लोगों की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान जर्जर मकान में रहने वाले परिवार की चिंता सताती रहती है। सर्वाधिक परेशानी बारिश के मौसम में होती है। नाली की साफ सफाई नहीं होने से बारिश होने पर नाली का पानी घर के अंदर घुस जाता है। इसके अलावा समय समय पर जहरीले जंतु घर में घुस जाते हैं।

### पानी की समस्या

ईदगाह चौक पुलिस लाइन के अंदर एक मोटर पंप लगा हुआ है। उक्त मोटर पंप से नए व पुराने मकानों में पानी की सप्लाई की जाती है। मकान की संख्या अधिक होने से समय समय पर मोटर पंप खराब हो जाता है। उसके बाद उसे सुधारने कोई प्रयास नहीं किया जाता है। जिससे नगर निगम से टेंकर मंगाकर पानी की पूर्ती की जाती है।

### पोस्ट आफिस के सामने 24 परिवार

मेन पोस्टआफिस के सामने पुलिस विभाग के 24 क्वार्टर हैं। वर्षों पुराने जर्जर भवन में पुलिसकर्मी जुगाड़ बनाकर किसी तरह रह रहे हैं। शहर के बीच जमीन होने के भी विभाग उक्त जर्जर मकानों को तोड़कर नया मकान बनाने कोई पहल नहीं की जा रही है।

### 108 नए पुलिस क्वार्टर बनेंगे

पुलिस अधीक्षक कार्यालय से 1000 नए पुलिस क्वार्टर बनाने के लिए प्रस्ताव बनाकर पुलिस मुख्यालय भेजा गया था। 108 नए पुलिस क्वार्टर बनाने की स्वीकृत मिल गई है। पुलिस हाउसिंग बोर्ड के द्वारा नए मकान बनाने के लिए सर्वे किया जाएगा। ईदगाह चौक व तिफरा पुलिस लाइन के जर्जर मकानों को तोड़कर नए मकान बनाने का विचार किया जा रहा है।

**-भूपेन्द्र गुप्ता**, आरआई

# अनुराग बने जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, सचिव पद पर विवेक की जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



बिलासपुर जिला अधिवक्ता संघ चुनाव के नतीजे घोषित हो गए हैं। अध्यक्ष पद पर अनुराग बाजपेयी ने जीत दर्ज कर नया नेतृत्व हासिल किया। इसी तरह विवेक पांडे सचिव तो वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर धनंजय सिंह परिहार की जीत हुई है। ध्यान रहे कि इस बार चुनाव में अधिवक्ताओं ने रिकॉर्ड उत्साह दिखाया और करीब 75 प्रतिशत मतदान हुआ, जो पिछले चुनाव की तुलना में लगभग 5 प्रतिशत अधिक रहा। रविवार को मतगणना के बाद सभी पदों के विजेताओं की घोषणा कर दी गई।

- **वरिष्ठ उपाध्यक्ष धनंजय सिंह परिहार, महिला उपाध्यक्ष पद पर राधा रजक की जीत**

गौरतलब है कि जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में 8 पदों और 14 कार्यकारिणी सदस्यों के लिए कुल 49 प्रत्याशी मैदान में थे। शनिवार को हुए मतदान में 2446 मतदाताओं में से 1836 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। रविवार को मतगणना के बाद अध्यक्ष पद पर अनुराग बाजपेयी विजयी घोषित हुए। अन्य पदों पर भी परिणाम घोषित किए गए। सचिव पद पर विवेक पांडेय, कोषाध्यक्ष पद पर श्वेता शास्त्री, कनिष्ठ महिला उपाध्यक्ष पद पर राधा रजक, सह सचिव पद पर शंकर चतुर्वेदानी, ग्रंथालय सचिव पद पर मनोज सिंह ठाकुर और क्रीड़ा सचिव पद पर सचिन दिघ्रस्कर ने जीत दर्ज की। जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में अधिवक्ता अनुराग बाजपेयी 421 वोटों के अंतर से चुनाव जीता। उन्हें कुल 881 वोट मिले। इसी चरह विवेक पांडेय 179 मतों से सचिव निर्वाचित हुए। शंकर चतुर्वेदानी 183 मतों से सह सचिव निर्वाचित हुए तो मनोज सिंह ठाकुर 96 मतों से ग्रंथालय सचिव चुने गए। श्वेता शास्त्री 270 मतों से कोषाध्यक्ष, 289 मतों से सचिव दिघ्रस्कर क्रिड़ा एवं सास्कृतिक सचिव निर्वाचित हुए हैं। इसके अलावा कार्यकारिणी महिला आरक्षित पद के लिए हेमलता साहू 1152 मत प्राप्त कर प्रथम एवं प्रतीक्षा सिंह 862 मत प्राप्त कर द्वितीय वरियता में निर्वाचित हुई है।

कार्यकारिणी सदस्यों के परिणाम भी घोषित कर दिए गए। इसमें महिला वर्ग में प्रतिज्ञा सिंह और हेमलता साहू की जीत हुई है। इसी तरह अनुश्री राजपूत, गौरव चंद्राकर, पप्पू साहू और रोहित हंसपाल सदस्य बने है। परिणाम घोषित होने के बाद विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों ने एक-दूसरे को बधाई दी और अधिवक्ता संघ परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। नए पदाधिकारियों ने अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा और संघ को मजबूत बनाने का भरोसा जताया।

### जूनियर वकीलों को राहत देने का काम करेंगे: अनुराग



अध्यक्ष पद पर चुनाव जीते अनुराग वाजपेई ने कहा है कि जूनियर वकीलों को राहत देने का काम करेंगे। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार जूनियर वकीलों को स्टायफंड, दूर-दराज से आकर रह रहे अधिवक्ताओं के लिए आवास, मेडिकल इंश्योरेंस, महिलाओं के लिए बुनियादी सुविधाएं उनकी प्राथमिकता में हैं। इसके अलावा जूनियर वकीलों की ट्रेनिंग पर जोर दिया जाएगा। इसके साथ ही एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट, जूनियरों व महिलाओं के लिए समूचित बैठक व्यवस्था की जाएगी। जूनियर वकीलों से ली जाने वाली फीस को कम कराना, बैठक और पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए काम करेंगे। साथ ही वकीलों के हितों की रक्षा पर फोकस रहेगा।

## सिरगिट्टी क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले 10 बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सिरगिट्टी क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले 10 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस लगाकर अड्डाबाजी कर नशाखोरी करने वालों पर कार्रवाई करने में लगी हुई है।

26 जुलाई को सिरगिट्टी थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी आकाश चौधरी ने बल के साथ क्षेत्र में अड्डाबाजी कर नशाखोरी करने वाले ठिकानो में दबिश दी। नशाखोरी कर अशांती फैलाने वाले दीपक साहू नयापारा, दुर्गाशंकर साहू नयापारा, जितेन्द्र साहू लवन बलौदाबाजार, डी बालकमष्ण महिला नगर, शुभम श्रीवास सिरगिट्टी, अमन चौधरी सिरगिट्टी, अमित साहू नयापारा, पराग उइके मगरपारा, अगस्टीन जायसवाल मगरपारा, शुभम नागदौने मगरपारा निवासी को पकड़कर कान पकड़कर उठक बैठक कराते हुए जुलूस निकालकर थाने लाया गया। सभी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।



### नाले का चेंबर फूटा, आवागमन बाधित

**बिलासपुर।** बृहस्पति बाजार से चाटापारा जाने वाले मार्ग पर नाले का चेंबर फूटने के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। बृहस्पति बाजार न केवल सब्जी के लिए, बल्कि फलों के लिए भी शहर का एक बड़ा बाजार है। शहर के बीच होने के कारण यहां खरीदारों की बड़ी संख्या पहुंचती है। ऐसे में वाहनों के एकाएक बढ़ने से उस स्थान पर लगातार जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। नगर निगम के द्वारा चेंबर को ठीक करने में की जा रही लेटलतीफी समझ से परे है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# एसपी आफिस में दंपती ने दिया धरना, फिर दर्ज की गई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात जमीन विवाद के मामले में 7 बच्चों के साथ दंपती ने एसपी आफिस के सामने। धरना दे दिया। डेढ़ घंटे बाद एएसपी ने समझाइश देकर उन्हें चकरभाठा थाने भेजा, उसके बाद उनकी शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया।

चकरभाठा थाना क्षेत्र के ग्राम सेंवार शांतिनगर निवासी लता मेरसा पति मुकेश मेरसा 35 साल के पूर्वजों ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर घर बनाया है। उसमें वे अपने पति व 7 बच्चों के साथ रहती हैं। घर के बाजू में तालाब किनारे जमीन में घर बनवाने के लिए उनके पति मुकेश मेरसा ने ईंट , टीन मंगवाकर रखा था। 25 जुलाई की शाम 7.30 बजे दो मोटर साइकिल से राजकुमार मोहले एवं उनके परिवार के लोग उनके घर के पास आकर उक्त जमीन पर अपना पुराना कब्जा बताकर सामान हटाने की बात कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे। श्रीमती मेरसा ने बाइक की चाबी निकाल ली तो राजकुमार ने उनके हाथ से चाबी छीन ली। पीड़िता परिवार के साथ रिपोर्ट लिखाने चकरभाठा थाना गई। पुलिसकर्मी उनसे पूछताछ कर रहे थे। इसी दौरान दूसरा पक्ष भी रिपोर्ट लिखाने थाने आ गया। दूसरे पक्ष को देखकर दंपती अपने 7 बच्चों को लेकर थाने से निकले और सीधे एसपी आफिस आकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए धरने में बैठ गए। डेढ़ घण्टे तक पूरा परिवार धरने पर बैठा रहा। जानकारी होने पर एडीशनल एसपी पंकज कुमार पटेल, सिविल लाइन टीआई किशोर केंवट एसपी ने आफिस पहुंचकर दंपती को कार्रवाई का आश्वासन दिया और पुलिस की गाड़ी से चकरभाठा थाने भेजा। उसके बाद चकरभाठा पुलिस ने लता मेरसा की रिपोर्ट पर राजकुमार मोहले के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



### दूसरे पक्ष को देखकर चली गई

सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद हुआ था। दंपती रिपोर्ट लिखाने थाने आए थे। दूसरे पक्ष के लोगों के थाने में रिपोर्ट लिखाने आने पर वे एसपी आफिस चले गए। महिला की रिपोर्ट पर दूसरे पक्ष के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

**-भावेश शेंडे**, चकरभाठा टीआई

